ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण कृष्ण पक्ष 04 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 07 जुलाई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 154 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



लंबे समय बाद फिल्म 'ब्लाइंड' में नजर ... पेज 12 पर




## NEWS इन ब्रीफ

### लोहरदगा में हथियार के साथ चार उग्रवादी हुए गिरफ्तार

**लोहरदगा।** सेन्हा थानाक्षेत्र में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के चार उग्रवादियों को पांच हथियार के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि ये उग्रवादी किसी बडी घटना को अंजाम देने की रणनीति बना रहे थे और पुलिस को इसकी भनक लग गई। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है।

### वज्रपात से बच्चा समेत दो की मौत

**कोडरमा।** चंदवारा थाना अंतर्गत खांडी में गुरुवार शाम वज्रपात से एक बच्चा समेत दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खाड़ी निवासी जोवल यादव (44) खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान वज्रपात के चपेट में आ गये। वहीं खाड़ी निवासी तीन वर्षीय बच्चा कारू रविदास अपने घर के बाहर खेल रहा था। वह भी वज्रपात के चपेट में आ गया।

### हाईकोर्ट ने पुलिस हिरासत में हुई मौतों पर मांगी रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और आनंद सेन की खंडपीठ में गुरुवार को राज्य के अलग-अलग जिलों में पुलिस हिरासत में हुई मौतों के मामलों में न्यायिक जांच नहीं होने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने झारखंड के सभी जिला जजों से रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने सभी जिला जजों को पूछा है कि हिरासत में हुई मौत मामलों में न्यायिक जांच कराने के लिए उनके पास कितने आवेदन लंबित हैं। इस जनहित याचिका पर अब हाई कोर्ट 26 जुलाई को सुनवाई करेगा। इस संबंध में धनबाद के मुमताज अंसारी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। उनकी ओर से अधिवक्ता शदाब अंसारी पैरवी कर रहे हैं।

### इसरो ने की घोषणा 14 जुलाई को लॉन्च होगा चंद्रयान-3

**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 अब 14 जुलाई को लॉन्च किया जाएगा। यह जानकारी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को ट्वीट के माध्यम से साझा की। इसरो ने ट्वीट कर बताया कि चंद्रयान-3 मिशन श्रीहरि कोटा से 14 जुलाई को दोपहर 2.30 बजे लॉन्च किया जाएगा। इसरो प्रमुख सोमनाथ के अनुसार चंद्रयान-3 मिशन के तहत इसरो 23 अगस्त या 24 अगस्त को चंद्रमा पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' का प्रयास करेगा। चंद्रयान -3 धरती के नेचुरल उपग्रह चंद्रमा की सतह पर उतरेगा और कई प्रकार की जांच करेगा। इसमें एक आर्बिटर एक लैंडर और एक रोवर है।

## 1998 में बाबूलाल ने शिबू को दी थी मात, 2024 में हेमंत से है मुकाबला

# क्या दो दशक पुराना इतिहास दोहरा पाएंगे बाबूलाल

**बाबूलाल मरांडी ने भले ही दो दशक पूर्व अपनी मेहनत से भाजपा को सींचा था, लेकिन 14 सालों के लंबे कालखंड के बाद जब वो भाजपा में शामिल हुए तबतक सूबे की सियासत में विपक्ष के चेहरे के तौर पर हेमंत सोरेन जैसे कद्दावर नेता स्थापित हो चुके हैं। 2024 का दंगल आसान नहीं है यह बता खुद बाबूलाल भी समझते हैं और उनकी पार्टी के शीर्ष नेता भी।**

**उदय चौहान। रांची**

भाजपा हाईकमान ने बाबूलाल को प्रदेश की कमान सौंप दी है। यानी मिशन 2024 में पार्टी को जीत दिलाने का पूरा दारोमदार बाबूलाल मरांडी के कंधों पर आ गया है। बाबूलाल को यह जिम्मेदारी सौंपने से पहले शीर्ष नेतृत्व ने हर पहलू पर गौर किया। प्रदेश के अन्य बड़े चेहरे को लेकर भी चर्चा की, लेकिन अन्त में यही फैसला लिया गया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सामने किसी ऐसे आदिवासी चेहरे को उतारा जाय जो हेमंत सोरेन को टक्कर दे सके। जिसके ऊपर भ्रष्टाचार के दाग न लगे हों, जिसके पास अनुभव हो और जो आदिवासी समाज के साथ ही अन्य लोगों में भी खासा लोकप्रिय हो।

बहरहाल, राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो इसकी पृष्ठभूमि काफी पहले ही तैयार हो गई थी। 2019 के विधानसभा की हार के बाद से ही सूबे में किसी बड़े आदिवासी चेहरे को लेकर भाजपा नेतृत्व खोजबीन में जुट गया था। ऐसी शख्सियत को ढूंढ रहा था जो आदिवासियों का



चहेता तो हो ही ओबीसी और अन्य लोगों की नजर में भी स्वीकार्य हो, पिछले विधानसभा चुनाव प्रभारी ओम माथुर ने भरसक प्रयास किए कि बाबूलाल चुनाव से पहले ही भाजपा में शामिल हो जाएं लेकिन उनकी यह कोशिश सफल नहीं हो पायी। आखिरकार चुनाव के बाद उन्होंने बाबूलाल को भाजपा में शामिल करवा लिया।

बताया जाता है कि बाबूलाल मरांडी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफी करीबी हैं और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पृष्ठभूमि से आने के कारण संघ के भी चहेते हैं। भले ही वह 14 सालों तक झारखंड विकास मोर्चा के बैनर तले काम करते रहे लेकिन उनका जुड़ाव पुराने भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं से बना रहा। 2006 के बाद हर विधानसभा चुनाव में ऐसी बात जरूर राजनीतिक हलकों में आती रही कि बाबूलाल फिर से भाजपा में शामिल हो सकते हैं। बाबूलाल का भाजपा छोड़ने के पीछे कारण चाहे जो भी रहा हो अभी पार्टी को ऐसे चेहरे की आवश्यकता थी जो सत्ताधारी पार्टी जेएमएम के सबसे बड़े चेहरे और राज्य में सत्ता का चेहरा हेमंत सोरेन को टक्कर दे सके। इन सबके बीच बड़ी दिलचस्प बात यह है कि बाबूलाल ने हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन को उनके राजनीतिक गढ़ में टक्कर दी थी। 1991 में बाबूलाल ने दुमका सीट से शिबू सोरेन के खिलाफ चुनाव लड़ा था, हालांकि वो चुनाव हार गए थे लेकिन 1998 में उन्होंने शिबू सोरेन को शिकस्त दी। लगभग दो दशक के बाद एक बार फिर बाबूलाल के सामने शिबू सोरेन के राजनीतिक उत्तराधिकारी हेमंत सोरेन हैं। दो दशक पहले जब बाबूलाल ने अपनी राजनीति की शुरूआत की थी तब शिबू सोरेन को मात देने के बाद बाबूलाल का कद भाजपा में बड़ा हो गया और वो तत्कालीन शीर्ष नेतृत्व की नजर में अचानक आ गये और उन्हें केंद्र में मंत्री भी बनाया गया। इतना ही नहीं बाद में 2000 में जब झारखंड अस्तित्व में आया तो उन्हें राज्य का पहला मुख्यमंत्री बनाया गया।

राजनीतिक जानकार मानते हैं कि बाबूलाल की प्रभावशाली राजनीतिक शख्सियत इसीलिए बनी की उन्होंने उस समय के झारखंड के सबसे बड़े और शक्तिशाली रसूख वाले चेहरे शिबू सोरेन को हराया था। शिबू सोरेन झारखंड आंदोलन के सबसे बड़े नेताओं में शुमार हैं और ऐसे कद्दावर सियासी हस्ती को हराना बाबूलाल के राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि रही है।

अब 2024 के लोकसभा और विधान सभा चुनाव में उनके बेटे हेमंत सोरेन उनके सामने हैं इस लिहाज से देखा जाए तो एक बार फिर बाबूलाल के कंधों पर हेमंत सोरेन को शिकस्त देने की चुनौती है और साथ ही पार्टी को एक बार फिर से सत्ता में लाने की जिम्मेवारी भी है। बाबूलाल अपनी इस चुनौती को कितना पूरा कर पाएंगे यह भविष्य के गर्भ में है और आने वाले लोकसभा और उसके बाद विधानसभा की चुनाव में साबित हो जाएगा कि झारखंड की जनता किस पर भरोसा करती है।

## मुख्यमंत्री ने की झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद की बैठक, कहा

# गांव के विकास पर ध्यान दें

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में मनरेगा का अहम रोल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार का ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर है। इस लिहाज से मनरेगा से जुड़ी योजनाएं झारखंड के लिए काफी मायने रखती है। इन योजनाओं में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इसकी मजबूत निगरानी होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री गुरुवार को झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना परिषद की बैठक हर तीन माह में आयोजित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया, ताकि तमाम योजनाओं की नियमित और विस्तार से समीक्षा हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और



गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए लाभुकों की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। इससे योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने में भी मदद मिलेगी और लाभुकों को बिचौलियों से निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत राज्य सरकार द्वारा भी कई योजनाएं चलाई जा रही है। ऐसे में श्रमिकों के कार्य की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आप इन योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दें और उन्हें इन योजनाओं से जोड़ने की दिशा में पहल करें। इससे उनकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी और गांव का भी तेजी विकास होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत मजदूरी करने वालों के लिए भी सामाजिक सुरक्षा के तहत सहायता अनुदान का प्रावधान है। ऐसे में इसकी जानकारी ग्रामीणों को हो, इसलिए सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का बड़े स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य विशेषकर पहाड़ी इलाकों में अनेको चुआं और छोटे-छोटे झरने हैं। इन सभी का जियो मैपिंग कराने की परियोजना बनाएं ताकि इसकी पानी की क्षमता को बढ़ाकर समुचित इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने संवर्धन योजना के तहत बनने वाले कुओं का भी जियो मैपिंग कराने को कहा। मुख्यमंत्री ने डीआरडीए का पंचायती राज विभाग में विलय के आलोक में मनरेगा के अंतर्गत जिला कार्यक्रम समन्वयक की जिम्मेदारी जिलों के उपायुक्तों को देने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत पंचायतों में चल रही योजनाओं का सोशल ऑडिट रेगुलर होना चाहिए। इससे योजनाओं में गड़बड़ी और लापरवाही पर अंकुश लगेगा। दोषियों पर भी कार्रवाई हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत जो खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं, उसके चारों और पौधरोपण कराएं।

उन्होंने ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को वन पट्टा मिल सके, इसके लिए मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा फलदार पेड़ लगाने की मुहिम को तेज करने को भी कहा। इसके तहत गांव में खाली जमीनों पर फलदार पेड़ लगाएं ताकि लाभुकों के आय में इजाफा के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिले।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर विभिन्न जिलों से आए मुखिया, जिला परिषद सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधियों से बात की।

# कृष्णा साहा ने पंकज को दिए थे 30 लाख रुपये



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

साहिबगंज में अवैध खनन के खेल में मास्टरमाइंड बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा ने बैंक खातों व नकदी में कमीशन के तौर पर लाखों रुपये की वसूली की। माइंस कारोबारी कृष्णा साहा की गिरफ्तारी के बाद पंकज मिश्रा के कमीशन लेने की पुष्टि हुई है। ईडी ने कृष्णाा के रिमांड पीटिशन में कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। ईडी ने कोर्ट को बताया है कि मनी लाउंड्रिंग की जांच के दौश्रान यह तथ्य सामने आयी है कि मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा और कृष्णा मिश्रा के बीच बैंक खातों के जरिए भी लेन देन हुई। पंकज मिश्रा के बैंक खाता 23420100000444 में 26 व 29 मार्च 2021 को 5-5 लाख रुपये डाले गए थे। वहीं कृष्णा कुमार साहा ने खुद कबूल किया है कि साहिबगंज में पत्थर कारोबार करने के बदले पंकज मिश्रा ने नकदी 25- 30 लाख रुपये कमीशन के तौर पर लिए थे। ऐसे में ईडी ने कृष्णा कुमार साहा को भी पीएमएलए 2002 की धारा 3 के तहत आरोपी बनाया है।

ईडी ने साहा के लीज एरिया का सर्वे भी किया था। ईडी ने जांच में पाया था कि साहा को मौजा चपांडे, अंचल पतना के प्लाट नंबर 44, 45, 47 व 52 में कुल रकबा 6.13 एकड़ जमीन की माइनिंग का लीज मिला था। लेकिन ईडी ने जब सर्वे की तब पाया कि माइनिंग लीज के दोगुना क्षेत्र में साहा के द्वारा अवैध खनन किया गया है। ईडी की सर्वे में पाया गया था कि साहा ने कुल 12.60 एकड़ क्षेत्र में माइनिंग की।

# राज्य में अब तक 38 प्रतिशत कम हुई मानसून की बारिश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में अभी भी मानसून की बारिश में भारी कमी है। अब तक 38 फीसदी कम बारिश दर्ज हुई है। राज्य में एक जून से लेकर चार जुलाई तक 147.2 मिमी बारिश हुई है, जो कि सामान्य बारिश 236.1 मिमी के मुकाबले 38 फीसदी कम है। मौसम विभाग के अनुसार नार्दर्न लिमिट ऑफ मानसून टर्फ फिलहाल गंगानगर, दिल्ली, अलीगढ़, हमीरपुर, प्रयागराज, डाल्टनगंज, बालासोर से दक्षिण दिशा होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रहा है। इससे आगे झारखंड में बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की जबकि कहीं- कहीं भारी वर्षा हुई। राज्य में मानसून गतिविधि सामान्य रही। सबसे अधिक वर्षा 95.0 एमएम बोकारो के नवाडीह में दर्ज की गयी। मौसम विभाग के अनुसार चतरा, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह गुमला, हजारीबाग, कोडरमा लातेहार, लोहरदगा, पलामू, रांची, पश्चिम सिंहभूम जिले के कुछ भागों में अगले 24 घंटे में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन तथा वज्रपात के साथ वर्षा होने की संभावना है।

### जमीन के नाम पर 75 लाख की ठगी करने वाला बिल्डर गिरफ्तार

**रांची।** जमीन के नाम पर 75 लाख की ठगी करने वाला बिल्डर निजामुद्दीन अंसारी को चुटिया थाना पुलिस ने पांच साल बाद उसके घर से गिरफ्तार किया है। वह बरियातू बस्ती के पहाड़ी के समीप का निवासी है। उस पर वर्ष 2018 में चुटिया थाना में होटल शिवालिक के मालिक अनुप चावला ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। कांटाटोली में एक भूखंड के लिए चावला से निजामुद्दीन अंसारी ने 25 लाख रुपये एडवांस ले लिया था। उसके बाद थोड़े-थोड़ समय पर 50 लाख रुपये और लिये थे, काफी दिनों तक उसने न जमीन दिया और न ही रुपये वापस किये।

## पलामू टाइगर रिजर्व का जयगीर पहाड़ बना अभिशाप

# गांव वालों को ना वर मिलता है ना वधू

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू टाइगर रिजर्व झारखंड का इकलौता बाघ आरक्ष्य है, जिसे देखने के लिए दूर दूर से लोग आते हैं। लेकिन वनों से अच्छादित इस क्षेत्र में कई ऐसे गांव हैं, जो किसी अभिशाप की तरह हैं। पहाड़ी क्षेत्र जयगीर पहाड़ की कुछ ऐसी की स्थिति है। यहां पर 17 घर है। यहां विरजया, उरांव, लोहरा समुदाय के लोग रहते हैं। इनकी कुल आबादी 55 है। यहां यह वर्षों से रहते आ रहे हैं। जयगीर पहाड़ के रहने वालों की एक अजीबो गरीब परेशानी है। परेशानी है ना वर मिलता है ना वधू। लड़की वालों को कहना है कि उनकी लड़की इस तरह के पहाड़ी जीवन की आदि नहीं है, उसे दिक्कत आएगी और इसी वजह से लड़की वाले जयगीर पहाड़ के लड़के से शादी से मना कर देते हैं। ठीक इसी तरह की बात जयगीर पहाड़ पर रह रहे शादी योग्य लड़कों की है। लड़की खोजते हैं पर उन्हें मैदानी भूमि पर ऐसा परिवार नहीं मिलता।

इस पहाड़ पर रहने वाले सुरेंद्र उरांव (27) से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इसी साल उसकी छोटी बहन मीना कुमारी की शादी की बातचीत गारू के दीपक उरांव से चल रही थी। दीपक उरांव के परिवार ने यह कहते हुए शादी से मना कर दिया कि उनका लड़का पहाड़ी जीवन नहीं बिताएगा।

सुरेंद्र उरांव ने कहा कि वह बहुत परेशान है अपनी बहन के रिश्ते को ढूंढने के लिए। उन्हें इस बात की चिंता है कि उनका जयगीर पहाड़ पर रहना, उनकी बहन की शादी की बातचीत में एक बाधक बन रहा है। धानु लोहरा (27) ने कहा कि उनके जयगीर पहाड़ पर पीने के पानी की किल्लत रहती है। वह कहते हैं बाराती को कुछ मिले या ना मिले पर पीने का पानी तो मिलना ही चाहिए। वह बहुत अफसोस के साथ कहते हैं वे लोग एक नारकीय जीवन जी रहे हैं जयगीर पहाड़ पर। प्रेमचंद्र बृजया (45) जयगीर पहाड़ के एक दूसरे निवासी हैं। उन्होंने बताया कि शादी ब्याह की बात तो दूर हमें अपने त्योहार कर्मा, सरहुल मनाने में भी बहुत तकलीफ होती है। परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## लालू ने कही पीएम पद के उम्मीदवार के लिए शादीशुदा होने की बात

# लालू की शर्त से राहुल को होगी मुश्किल

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव सिंगापुर में किडनी ट्रांसप्लांट के बाद रूटीन चेक अप के लिए पटना से दिल्ली आए हैं। पटना से दिल्ली पहुंचे प्रसाद यादव से एयरपोर्ट से बाहर निकलते समय पत्रकारों ने उनसे विपक्ष की ओर से पीएम के चेहरे और राहुल गांधी को शादी करने की सलाह के बारे में सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा कि जो भी पीएम बनता है, उसे पत्नी के बिना नहीं रहना चाहिए। पत्नी के बिना पीएम आवास में रहना गलत है। उनके इस कहे को



लेकर राजनीतिकों में चर्चा होने लगी है कि क्या लालू प्रसाद यादव ने विपक्षी दलों की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए शादी शुदा होने की शर्त रख दी है। इससे तो राहुल गांधी को परेशानी हो सकती है। लालू से जब पत्रकारों ने पूछा कि 2024 के चुनावों में विपक्षी दलों के महा गठबंधन को कितनी सीटें मिलेंगी, तो उनका जवाब था- कम से कम 300 सीटें।


### पत्नी के बिना पीएम आवास में रहना गलत

**राजद** प्रमुख लालू प्रसाद यादव से पत्रकारों ने जब विपक्ष का पीएम चेहरा और राहुल गांधी को शादी करने की सलाह के बारे में पूछा, तो लालू प्रसाद यादव ने कहा कि जो भी पीएम बनता है, उसे पत्नी के बिना नहीं रहना चाहिए। पत्नी के बिना पीएम आवास में रहना गलत है। ऐसा नहीं होना चाहिए। इसे खत्म किया जाए। इसके पहले पटना एयरपोर्ट पर लालू प्रसाद से पत्रकारों के सवाल पर लालू यादव ने कहा कि हेल्थ चेक अप कराने के बाद लौटकर आऊंगा, उसके बाद विपक्ष की बैठक के लिए बेंगलुरु जाऊंगा। नरेंद्र मोदी की विदाई करानी है। मालूम हो कि 23 जून को पटना में हुई विपक्षी एकता के लिए देशभर से आये विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक में लालू यादव भी शामिल हुए थे। शरद पवार भी आए थे (जिनके साथ उनके वह भतीजे अजित पवार भी आए थे, जो ईडी के डर व सत्ता के लोभ में अपने उस सगे चाचा शरद पवार को दगा दे दिया जिन्होंने अजित को अपने बेटे की तरह मानते हुए राजनीति में बढ़ाया था) विपक्षी दलों की अगली बैठक 17 व 18 जुलाई को बेंगलुरु में होने वाली है।

# 11 को रांची आएगी नीति आयोग की टीम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नीति आयोग की टीम 11 जुलाई को झारखंड के दौरे पर आएगी और राज्य में चल रही केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा करेगी। नीति आयोग के सदस्य डॉ विनोद कुमार पॉल के नेतृत्व में छह सदस्यीय टीम 12 जुलाई को 12.30 बजे प्रोजेक्ट भवन सभागार में राज्य के आला अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। इस टीम में वरीय सलाहकार नीरज सिन्हा, डॉ अशोक, ए सोनू सोनकुसरे, डॉ थ्यागराजू, नमन अग्रवाल और एसजी शिंदे शामिल हैं। दो दिवसीय इस दौरे में नीति आयोग की टीम के द्वारा केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय और योजनाओं को लेकर मंथन होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी नीति आयोग की टीम के मिलने की संभावना है। जानकारी के अनुसार नीति आयोग की टीम 11 जुलाई को




शाम 7.30 बजे दिल्ली से रांची पहुंचेगी। राज्य सरकार ने झारखंड भवन पर आ रहे डॉ विनोद कुमार पाल सहित सभी नीति आयोग के सदस्यों को राजकीय अतिथि घोषित किया है। झारखंड मंत्रालय में 12 जुलाई को 12:30 बजे होने वाली समीक्षा बैठक के दौरान राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह सहित सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस बैठक में राज्य में चल रहे हर घर नल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, केंद्रीय मद से बन रही सड़क, स्वास्थ्य एवं रेल हवाई मार्ग के लिए जमीन अधिग्रहण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। इधर, नीति आयोग के टीम के झारखंड दौरे को लेकर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों ने तैयारियां शुरू कर दी है। केंद्रीय योजनाओं की अद्यतन स्थिति से संबंधित रिपोर्ट सभी विभागों से मुख्य सचिव कार्यालय में मंगाया जा रहा है, जिससे समेकित रिपोर्ट राज्य की ओर से नीति आयोग को दी जाए। उल्लेखनीय है कि 27 मई को केंद्रीय नीति आयोग की बैठक में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार के सामने कई प्रस्ताव रखे थे। उन्होंने एमएसएमई निदेशालय की स्थापना और जिला उद्योग केंद्रों को विकसित करने की मांग को भी रखा था। साथ ही एमएसएमई में अस्थाई पूंजी की सब्सिडी को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर अधिकतम 40 फीसदी करने के मुद्दे पर भी कई सुझाव दिए थे।

# तस्करी व जालसाजी रोकने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : डीजीपी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने कहा, उपभोक्ता स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा के लिए जालसाजी और तस्करी के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। शैक्षिक कार्यक्रम उपभोक्ताओं को अवैध उत्पादों से जुड़े खतरों के बारे में सूचित करने, उन्हें उचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाने और संभावित जोखिमों से खुद को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये बातें उन्होंने गुरुवार को 'अवैध व्यापार की जंजीरों को तोड़नाः जालसाजी और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए सेमिनार' विषय पर फिक्की कैस्केड (अर्थव्यवस्था को नष्ट करने वाली तस्करी और जालसाजी गतिविधियों के खिलाफ समिति) के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। अजय कुमार सिंह ने प्रस्ताव दिया कि फिक्की कैस्केड




को नियमित आधार पर झारखंड में युवा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन राज्य के युवाओं को अवैध व्यापार को खत्म करने के हमारे लक्ष्य में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने अवैध व्यापार के बढ़ते खतरे को खत्म करने के लिए जागरूकता के महत्व पर जोर दिया, जिसका हमारे रोजमर्रा के जीवन पर सीधा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने इस मुद्दे को प्राथमिकता देने के महत्व पर प्रकाश डाला और व्यक्तियों से नकली/तस्करी की गई वस्तुओं को खरीदने से बचने का आग्रह किया, इसके बजाय उन्हें वास्तविक उत्पादों को चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने धोखेबाज बाजार संचालकों से खुद को बचाने के लिए एक सक्रिय उपाय के रूप में, उपभोक्ताओं को खरीदारी करते समय रसीद प्राप्त करने पर जोर देने की आवश्यकता पर बल दिया। फिक्की कैस्केड के सलाहकार और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष पीसी झा ने भारत में अवैध व्यापार के व्यापक प्रभावों पर गहरी चिंता व्यक्त की। आरपीएफ, एनसीआरबी, नागरिक सुरक्षा, होम गार्ड और अग्निशमन सेवाओं और बीपीआरएंडडी के पूर्व महानिदेशक राजीव रंजन वर्मा ने तस्करी और जालसाजी की व्यापक समस्याओं से निपटने में युवाओं के महत्वपूर्ण महत्व पर प्रकाश डाला। तस्करी और जालसाजी से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है, क्योंकि उनके पास इन मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने और एक अवैध व्यापार-मुक्त समाज बनाने के लिए आवश्यक ऊर्जा, उत्साह और नवीन सोच है।

# गैरभाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार पर हल्ला बोल करेगी भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सहित गैर भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा हल्ला बोल करेगी। गैर भाजपा शासित राज्यों में जनविरोधी नीतियों, कुशासन, ध्वस्त विधि व्यवस्था, आकंठ भ्रष्टाचार ,आदिवासी, दलित, पिछड़ा, महिला, युवा विरोधी कार्यों को उजागर करते हुए उसके खिलाफ आंदोलन को तेज करने का भी आह्वान किया गया। भाजपा पूर्वी क्षेत्र के राज्यों बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा की सांगठनिक बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में झारखंड की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, क्षेत्रीय संगठन



महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शामिल हुए। बैठक को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, सह संगठन महामंत्री श्री प्रकाश का ने संबोधित किया। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने की योजनाओं पर विमर्श किया गया। इस दौरान नेताओं ने केंद्र सरकार सहित विभिन्न भाजपा शासित राज्यों की लोक कल्याण कारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया गया।

## इस्माईलिया मोमिन उर्दू बालिका उच्च विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन



**रांची।** इस्माईलिया मोमिन उर्दू बालिका उच्च विद्यालय, डोरंडा रांची के परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे सत्र 2022-23 में मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि एस अली के उज्जल भविष्य की कामना किये। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं माहरुख, आलिया और कशिश की ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एंव मैडल से सम्मानित किया गया। विद्यालय के सचिव नसीमुल गनी ने तीनो छात्राओं को क्रमशः 5000, 2000, तथा 1000 रुपए दिए एंव बधाई दिए। इस समारोह में मो.खैरूल्लाह,फजल करीम,हमीदुल हक, नुजहत यास्मीन, शाकरा, गुलफशां मुख्य रूप से शामिल रहे।

## प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी मनोनीत हुए हरिनाथ साहू

**रांची।** लोकहित अधिकार पार्टी झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने रांची जिला के वरिष्ठ नेता हरिनाथ साहू को इनके राजनीतिक जागरुकता, सक्रियता, अनुभव तथा सामाजिक न्याय के पक्षधर विचारधारा को ध्यान में रखकर पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा का प्रभारी मनोनीत किया है। उक्त मौके पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजहर आलम ने कहा कि पिछले 18 जून को पूर्व भाजपा नेता हरिनाथ साहू अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल हुए।

## बेड़ो में मिलेट्स दिवस में पर 40 किसानों के बीच मड़ुआ कीट का वितरण

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के ईंटा पंचायत सचिवालय के प्रांगण में टीआरईएफ संस्था के द्वारा एचडीएफसी परिवर्तन परियोजना के तहत मिलेट (मोटा अनाज) दिवस मनाया गया। मौके पर ग्रामीणों को मड़ुआ की गुणवत्ता की जानकारी दी गई। साथ ही मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए उन्हें बताया गया कि मोटे अनाज मिलेट्स में विशेष पोषक गुण होते हैं। यह झारखंड की मुख्य फसल है। इसमें फाइबर सूक्ष्म पोषक तत्वों के कारण मनुष्य को रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोतरी होती है। इससे शारीरिक पौष्टिकता को मजबूती मिलती है। वहीं भारत में मिलेट क्रांति मोटे अनाज से पर्यावरण के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मडुआ से बनने वाली विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के बारे में बतलाया गया। वहीं 40 किसानों के बीच अनाज वर्ष को लेकर मडुवा की खेती को बढ़ावा देने के लिए मडुवा किट का वितरण किया गया।

### जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक आयोजित

# मिड डे मिल के चावल का उठाव व वितरण ससमय कराने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक एवं पीएम पोषण योजना अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी, पी.एम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक राँची, श्री मिथलेश केरकेट्टा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी/जिला प्रबंधक राँची, श्री अल्बर्ट बिलुंग, राँची जिला के सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, रांची जिला के सभी प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी,



नोडल पदाधिकारी एमड्डीड्डएमड्ड श्री रहमत अली, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना राँची, श्री आशीष कुमार और अन्य सभी संबंधित अधिकारी बैठक में शामिल थे। उपायुक्त रांची, ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी से पूरी विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि स्कूल स्टेप डिलेवरी टव्ड कार्यक्रम के तहत जिले के सभी विद्यालयों में चयनित निविदा दाता के माध्यम से स्कूल स्टेप डिलेवरी के तहत खाद्यान्न पहुँचाने का कार्य ससमय हो इसके लिए प्रत्येक प्रखंड में एक कोडिनेटर कि प्रतिनियुक्ति की जाए, ताकि सभी संबंधित विद्यालयों में चावल का वितरण ससमय हो पाए इसके लिए उनकी जिम्मेदारी सुनिश्चित करने को कहा गया एवं किस विद्यालय में कितना चावल पहुँच रहा हैं, उसका डेटा प्रति दिन अपडेट करें और इसकी रिपोर्ट दे। उपायुक्त, राँची द्वारा UDISE+CHILD इंट्री, ई विद्यावाहिनी में आधार में इंट्री, ई वाहिनी में छात्र की उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराना सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया एवं ई विद्यावाहिनी में शिक्षकों की उपस्थिति भी पूर्ण रूप से दर्ज हो इसको लेकर भी संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

Email ID -eerdsdkoderma@gmail.com

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/03/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोडरमा जिला के डोमचॉच प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत मधुवन में ग्राम गोलगो में भितियाही नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 3,04,52,500.00 | 609500.00 | 10000.00 | 18 माह |
| 2. | कोडरमा जिला के डोमचॉच प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत पुरनाडीह के ग्राम–रायडीह से ग्राम उपरवाद के बीच केशो नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 6,05,12,600.00 | 1210500.00 | 10000.00 | 24 माह |
| 3. | कोडरमा जिला के डोमचॉच प्रखण्ड में पारहो पंचायत अन्तर्गत ग्राम पुतो में पुतो नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 3,47,44,400.00 | 695000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.07.23 से दिनांक 24.07.23 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Bank Credit Certificate एवं Affadavit जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 26.07.23 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
 i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा / मुख्य अभियंता, कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0, भवन, धूर्वा, राँची।
 ii) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धूर्वा, राँची है।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यादिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धूर्वा, राँची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 28.07.23 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 9798127285 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नं0)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा के पदनाम से देय होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

PR 301611 Rural Work Department (23-24)_D


# राजधानी के जानलेवा गड्ढे भरने का काम शुरू ,ट्रैफिक पुलिस ने लिखा था पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के मुख्य सड़कों पर बने गड्ढों की तस्वीर के साथ रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजने की रणनीति आखिरकार काम आ गई। गुरुवार से राजधानी के जानलेवा गड्ढों की भराई का काम शुरू कर दिया गया है। ट्रैफिक एसपी ने इस संबंध में एक रिपोर्ट तैयार कर रांची डीसी को भेज कर सड़क की मरम्मत का आग्रह किया था।

**बरियातू से शुरू हुआ काम**

जानलेवा गड्ढों को भरने की शुरूआत रांची के बरियातू रोड से शुरू कर दिया गया है। गिट्टी ,बालू और सीमेंट के मिक्सचर को डालकर सभी गड्ढों को भरा जा रहा है। क्योंकि बरसात का समय है इसलिए अभी सीमेंट बालू और गिट्टी का प्रयोग कर गड्ढों को भरा जा रहा है।बरसात खत्म होते ही सभी रास्तों में अलकतरा युक्त सड़क का



निर्माण कर दिया जाएगा। गौरतलब है की राजधानी रांची में बेहतरीन बन चुके सड़कों पर अलग-अलग डिपार्टमेंट के द्वारा खुदाई कर विभिन्न तरह के काम करवाया जा रहे थे नतीजा सड़क पर की गई खुदाई की वजह से एक तो सड़क हादसों की संख्या बढ़ गई है वहीं दूसरी तरफ बरसात में राजधानी में हर तरफ जाम भी लग जा रहा था। जाम के झाम से निपटने के लिए रांची के ट्रैफिक एसपी रांची डीसी सहित तमाम डिपार्टमेंट्स को बकायदा खोदी गई सड़क की तस्वीर के साथ लेटर भेजा था, ताकि सड़क की खुदाई कर उसे बिना भरे छोड़ देने से किस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है इसकी जानकारी अधिकारियो को हो सके। चुकी अब तो बरसात शुरू हो चुकी है ऐसे में खोदे गए सड़क आम लोगों के साथ-साथ ट्रैफिक पुलिस के लिए भी मुसीबत बन गए थे।

# डीपीएस रांची में सम्मान समारोह आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची में 05 जुलाई 2023 को ऑल इंडिया सेकेंडरी स्कूल एग्जामिनेशन (एआईएसएसई) बोर्ड परीक्षा 2023 में विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर की अध्यक्षता सीबीएसई पटना रीजन के रीजनल ऑफिसर श्री अरविंद कुमार मिश्रा ने की। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागतगान के साथ हुई। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ राम सिंह ने मुख्य अतिथि को सादर पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एआईएसएसई 2023 में 90% से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना था।इस शुभ अवसर पर 144 छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक छात्र को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, सीबीएसई पटना रीजन के



रीजनल ऑफिसर श्री अरविंद कुमार मिश्रा, मुख्य अतिथि ने छात्रों द्वारा प्राप्त उत्कृष्ट परिणामों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने एआईएसएसई में ऐसे उल्लेखनीय अंक प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत एवं दृढ़ संकल्प के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों के समर्पण, प्रतिबद्धता और उनकी शैक्षणिक यात्रा के दौरान उनके शिक्षकों और अभिभावकों द्वारा प्रदान किए गए अटूट समर्थन की भी प्रशंसा की। स्कूल के माननीय प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने छात्रों को उनकी दृढ़ता और कड़ी मेहनत, विद्यार्थियों के अभिभावकों के अटूट समर्थन एवं शिक्षकों को उनके समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि छात्रों की उपलब्धियाँ न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का प्रमाण हैं।


**GOVT. OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG**
**e – Quotation No. 01/2023 – 24**

Letter No:- 699 Dated :- 05 /07 /2023

Rate through e – quotations are invited for "Material" category annexed as 5 H.P. DC Solar Pump,VFD, Solar Panel, Steel Structure supplying, installation & commissioning for Lift Irrigation Scheme from Manufacturer/Supplier having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the M.N.R.E. specifications for inclusion in the Estimates under Minor Irrigation Division, Hazaribag, Government of Jharkhand to be used in different Pump Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in.

Details of work experience and list of materials are available on the above e – tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from **13.07.2023 at 2.00 P.M.** to **18.07.2023 at 4.00 P.M.** The technical envelope will be opened on **19.07.2023 at 1.00 PM.**

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under Minor Irrigation Division, Hazaribag.

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Hazaribag**

PR 301590 Minor Irrigation(23-24)D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI**
**Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi- 834002**

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**
**Letter of Invitation (LOI) No.-05/2023-24 (2nd Call)**

**e-Tender Ref No– RCD/SID/AP/RAN/05/2023-24** **Date:- 04.07.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) of Hata- Chaibasa (NH-220) Railway Crossing to Bara Chiru Road and Power Grid Link Road including Replacement of Culverts and Bridges, Proposal for Construction of new Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division Chaibasa in the State of Jharkhand. ***Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to Bid.** |
| 2 | Tentative Length | 11.18 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 30 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Demand Draft/Banker Cheque of any Scheduled Bank (non-refundable fee) of Rs 5,000/- (Five Thousand) only. EMD:- 2 % of the quoted amount (Net of GST) in the form of current issue of NSC, Fixed Deposits of a Scheduled Bank (all the above mentioned form of Security deposits money issued within the State of Jharkhand) and Bank Guarantee issued by any Scheduled bank anywhere in India duly pledge in favour of Executive Engineer, Soil Investigation Division, Advance Planning, Road Construction Department, Ranchi for a period of 45 days beyond the validity of Bid. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 07.07.2023 10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 14.07.2023 12:00 PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 14.07.2023 12:00 PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 17.07.2023 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 45 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation Division, Advance Planning, RCD, Ranchi Mob-9905660677. |
| 13 | Previous PR Number | 300291 |

**Note:-** Only e-Tender shall be accepted.

**Sd./-**
**Executive Engineer,**
**Soil Investigation Division, Advance Planning**
**Road Construction Department, Ranchi**

PR 301617 Road (23-24)_D


**हत्या** — संजय मर्डर केस -पुलिस की एक साल की सुस्ती पड़ी भारी

# हत्यारे पुलिस की पकड़ से अब तक दूर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के बड़े बिल्डर और जमीन कारोबारी रहे स्वर्गीय कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय कुमार सिंह की हत्या कांड की गुत्थी सुलझाने का रांची पुलिस भरसक प्रयास कर रही है। हालांकि कुछ धुंधले सीसीटीवी फुटेज के अलावा पुलिस के हाथ अब तक कुछ नहीं लगा है। बुधवार की शाम रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के काली मंदिर रोड में दिनदहाड़े बेखौफ अपराधियो ने संजय कुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

**एसआईटी कर रही है जांच**

संजय हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने के लिए रांची एसएसपी किशोर कौशल ने रांची के सिटी एसपी शुभांशु जैन के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया है, जिसमें कोतवाली डीएसपी और सुखदेव नगर थानेदार भी शामिल है। गुरुवार को सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बताया कि फिलहाल संजय हत्याकांड में कोई खास सफलता



हाथ नहीं लगी है कुछ सूत्र मिले हैं उनके ऊपर काम किया जा रहा है। हालांकि हत्याकांड में शामिल अपराधियों का सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लगा है लेकिन वह बेहद धुंधला है।

**कमल भूषण के सभी हत्यारे पकड़े जाते तो शायद नही होता हत्याकांड**

20 मई 2022 को सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के देवी मंडप रोड से ठीक पहले कमल भूषण की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कमल भूषण की हत्या की साजिश में उनका दामाद राहुल कुजुर भी शामिल था। मामले में पिछले साल कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की मदद से रांची पुलिस ने कमल हत्याकांड में शामिल चार अपराधियों राहुल कुजूर ,डब्लू कुजूर , ख्वाइश अदनान और मुनव्वर अफिक को गिरफ्तार किया था। लेकिन कमल भूषण हत्याकांड के दो मुख्य आरोपी छोटू कुजूर और विशाल अब तक फरार है। पिछले 1 साल से रांची पुलिस ने इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए कोई प्रयास नहीं किया ,नतीजा बताया जा रहा है कि इन्हीं दोनों के द्वारा संजय कुमार सिंह की हत्या करवाई गई है। अगर रांची पुलिस कमल भूषण हत्याकांड के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लेती तो शायद संजय अभी जिंदा होते, ऐसा संजय के परिवार वालों का भी मानना है।

**दहशत में कमल के करीबी**

कमल भूषण के बाद उनके अकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या से उनके करीबी और परिवार वाले दहशत में है। कमल भूषण के बेटे पवन कुमार को लगातार पूर्व में भी धमकियां मिलती रही है। वहीं अब कमल भूषण के कार्यालय में काम करने वाले दूसरे कर्मचारी भी दहशत में है।

**शव को रोहतास ले गए परिजन**

वहीं दूसरी तरफ अपराधियों की गोली का शिकार हुए अकाउंटेंट्स संजय कुमार सिंह का पार्थिव शरीर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। संजय सिंह का अंतिम संस्कार बिहार के रोहतास जिले में स्थित पैतृक गांव में होगा। परिजनों ने सुखदेवनगर थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है ।

## बेड़ो में हुई सदान विकास परिषद की बैठक आयोजित

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड कार्यालय के परिसर में विगत बुधवार को सदान विकास परिषद की बैठक क्षितिज कुमार राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सदानों के हितों को लेकर गहन विचार विमर्श किया। वहीं आगामी 9 जुलाई को महादानी मैदान स्थित रंगमंच में झंडा लगाओ अभियान व सदान विकास परिषद का गठन किया जाएगा। ज्ञात हो कि सदानों की हक व पहचान का प्रतीक को लेकर पूरे राज्य के सदान के हर घर में सदानी झंडा लगाया जा रहा है। सदानी समुदाय में आने वाले हिंदू व मुसलमानो के घरों में बड़ी श्रद्धा के साथ यह झंडा लगाया जा रहा है। मूलवासी की आस्था और पहचान का प्रतीक सदानी झंडा लगाओ का कार्यक्रम बेड़ो में होगा। जिसमें प्रदेश व जिला के नेता,शिक्षाविद,छात्र व युवा शामिल होंगे।वहीं क्षितिज कुमार राय ने कहा कि इस कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष डा राजेंद्र प्रसाद पद्मश्री मधु मंसुरीव विशाल सिंह के साथ अन्य पदाधिकारी भी शामिल होंगे। बैठक में धनंजय कुमार राय,अताबुल खान, महेंद्र गोप, प्रदीप सिंह प्रदीप नायक, ओकील खान, बसंती देवी, नारायण सहित कई लोग मौजूद थे।


### मोबाइल मेडिकल यूनिट झारखंड के पांच जिलों में देगी स्वास्थ्य सुविधा

# दो लाख से अधिक लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एमएसडी फार्मास्यूटिकल्स और स्माइल फाउंडेशन के साथ साझेदारी में सीएम हेमंत सोरेन ने मोबाइल मेडिकल इकाइयों को हरी झंडी दिखाई। 'स्माइल ऑन व्हील्स' नामक इस कार्यक्रम का लक्ष्य झारखंड के पश्चिम सिंहभूम, साहेबगंज, चतरा, दुमका और गढ़वा जिलों में 2 लाख से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाना है। यह पहल इन जिलों के लगभग 60 गांवों तक पहुंचेगी। कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य सरकार की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को मजबूत करना है। प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट योग्य डॉक्टरों, पैरा-मेडिकल स्टाफ, प्वाइंट-ऑफ-केयर और डायग्नोस्टिक सेवाओं और दवाओं से लैस होगी। जहां यह मोबाइल मेडिकल यूनिट मुफ्त ओपीडी सेवाएं और दवाएं प्रदान करेगा, वहीं गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार करने में मदद करेगा। एमएसडी फार्मास्यूटिकल्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर रेहान ए खान ने कहा कि एमएसडी में हम लोगों के स्वास्थ्य में सुधार करना चाहते हैं। सरकार, एमएसडी फार्मा और स्माइल फाउंडेशन के बीच यह साझा प्रयास स्वास्थ्य देखभाल चुनौतियों का समाधान करने और नागरिकों की भलाई में सुधार करने के लिए मिलकर काम करने के महत्व को दशार्ता है। एमएसडी फार्मास्यूटिकल्स इंडिया की कार्यकारी निदेशक- पब्लिक पालिसी, कम्युनिकेशन्स मार्किट एक्सेस नीलिमा द्विवेदी, स्माइल फाउंडेशन के को फाउंडर एग्जीक्यूटिव ट्रस्टी शांतनु मिश्रा और स्माइल फाउंडेशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर विक्रम सिंह वर्मा ने संयुक्त रूप से से कहा कि स्माइल ऑन व्हील्स कार्यक्रम के तहत गांवों और वंचित समुदायों के लिए विशेष डॉक्टरों, नर्सों, चिकित्सा कर्मचारियों और दवाओं के साथ अच्छी तरह से सज्जित मोबाइल चिकित्सा यूनिट्स द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं सभी नागरिकों तक पहुंचाई जाएँगी । इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं असेवित या अल्पसेवित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के दरवाजे तक पहुंचे।

# आदित्य साहू ने साई नाथ विवि के कुलपति को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
साई नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एसपी अग्रवाल को भाजपा के राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने सम्मानित किया। संपर्क से समर्थन अभियान के तहत सांसद ने कुलपति को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान आदित्य साहू ने केंद्र सरकार के नौ साल की उपलब्धियों की जानकारी कुलपति को दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार समाज के सभी वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए काम कर रही है। इस दौरान कुलपति डॉ. अग्रवाल ने भी विश्वविद्यालय परिसर में आने के लिए सांसद का धन्यवाद दिया। साथ ही उनकी ओर से की जा रही काम की प्रशंसा की। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार महतो, ग्रामीण अमरनाथ चौधरी, नरेंद्र कुमार और सौरभ मौजूद थे।

## नेत्र-दंत चिकित्सा शिविर में 300 छात्र-छात्राओं की हुई जांच



**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य मिशन ने गुरुवार को सिंह मोड़ स्थित राइज एकेडमी स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें 300 छात्र-छात्राओं के नेत्रों और दांतों की जांच की गई। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए ताकि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ से वंचित ना रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के प्रदेश वाइस चेयरमैन इंदरजीत सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष सोनी, अश्वनी, शाहनवाज, डॉ सौरभ प्रियदर्शी तिवारी, डॉ लवली, डॉ मेधा, पम्मी सिन्हा और एकता सिंह सहित अन्य का योगदान रहा।

## मंदिर के दान पेटी का ताला तोड़कर चोरी



**रांची।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के बालू गांव में स्थित देवी मंदिर परिसर में लगे दान पेटी का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। घटना की सूचना मंदिर के पुजारी ने पुलिस को दे दी है। मंदिर के दानपेटी में चोरी की वारदात से ग्रामीण आक्रोशित है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पूर्व भी दो बार मंदिर के दान पेटी में चोरी हो चुकी है।

## दो आईपीएस को मिली डीआईजी रैंक में प्रोन्नति

**रांची।** झारखंड कैडर के 2009 बैच के दो आईपीएस इंद्रजीत महथा और संजय रंजन सिंह को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार इंद्रजीत महथा को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति प्रदान करते हुए अगले आदेश तक डीआईजी एसटीएफ झारखंड के पद पर पदस्थापित किया गया है। जबकि संजय रंजन सिंह को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए डीआईजी झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने बुधवार रात अधिसूचना जारी की है। दूसरी ओर, 2009 बैच के ही आईपीएस संजीव कुमार को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति नहीं दी गई। संजीव कुमार वर्तमान में धनबाद एसएसपी के पद पर पदस्थापित हैं।

## 15 जुलाई से शुरू होगा खेलो झारखंड, कार्यक्रम घोषित

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के द्वारा विद्यालय स्तर से लेकर राज्य स्तर पर वार्षिक खेल कार्यक्रम खेलो झारखंड 2023-24 का समय सारणी घोषित किया गया है। राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने पत्र जारी कर सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी सह कार्यक्रम पदाधिकारी को राज्य में सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय, आदर्श विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय एवं जैक बोर्ड के स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के लिए खेलों का आयोजन करने को कहा है।

# डायन प्रथा उन्मूलन को लेकर जागरुकता रथ रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जिले में डायन कुप्रथा उन्मूलन के लिए समाहरणालय परिसर से गुरुवार को जागरुकता रथ रवाना किया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ रवाना किया। उपायुक्त ने कहा कि जिले में डायन अधिनियम 2001 के तहत डायन कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने के दृष्टिकोण से जागरुकता रथ को रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रथ के माध्यम से लोगों को डायन अधिनियम 2001 की जानकारी देकर डायन कुप्रथा के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि इस कुप्रथा को समाप्त करने में जिला प्रशासन का साथ दें। डायन कुप्रथा से जुड़े किसी मामले की जानकारी अपने निकटतम थाने में दें। इस अवसर पर बताया गया कि महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन (जिला समाज कल्याण कार्यालय, रांची) की ओर से रवाना जागरुकता रथ के माध्यम से डायन कुप्रथा उन्मूलन के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिला के सभी प्रखंडों, प्रमुख चौक-चौराहों और हाट-बाजारों में जागरुकता रथ की ओर से ऑडियो के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### ◆विद्यालयों में नामांकन को लेकर डीसी ने की जिला स्तरीय समिति की बैठक

# आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को दी जायेगी प्राथमिकता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक की। बैठक में समिति की ओर से शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिये विचार-विमर्श किया गया। समिति की ओर से इस सत्र में नामांकन के लिए प्रस्तावित सूची का अवलोकन करने का निर्णय लिया गया, ताकि अनुपस्थित प्रतिनिधि भी सूची से अवगत हो सके। बैठक में उपस्थित सांसद और विधायक प्रतिनिधि को अपने स्तर के प्रतिनिधि के साथ विचार-विमर्श करते हुए आवश्यक सुधार के साथ नये सिरे से अगली बैठक में सूची रखने का निर्णय लिया गया। समिति की ओर से संबंधित प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से दूर रहनेवाली बालिकाओं, जिनके माता-पिता में से एक की कोविड-19 से मृत्यु हुई हो। आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को नामांकन में प्राथमिकता देने की बात कही गयी। समाहरणालय में आयोजित बैठक में सांसद, विधायक के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश भाजपा मुख्यालय में मनाई गई श्याम प्रसाद मुखर्जी की जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी की 122वीं जयंती मनायी गयी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, दीपक प्रकाश, हेमंत दास और अमरदीप यादव समेत कई नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्श और सिद्धांत हर पीढ़ी को प्रेरणा देते रहेंगे। एक सशक्त भारतवर्ष के निर्माण के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। देश की एकता और अखंडता के लिए उन्होंने जो योगदान दिया, उसके लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी ने हमें सिखाया कि राष्ट्रहित से बढ़कर कुछ नहीं होता। चाहे कश्मीर हो या फिर बंगाल, डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो विराट योगदान दिया, उसके हम सदैव ऋणी रहेंगे। मुखर्जी ने पहली औद्योगिक नीति की नींव रख भारत की प्रगति के मार्ग प्रशस्त किया।

## आंधी-बारिश से प्रभावित लोगों को मुआवजा देने की मांग

**रांची।** रातू तथा आसपास के क्षेत्र में विगत मंगलवार की शाम चार बजे आंधी-बारिश से कई घरों के एसबेस्टस उड़ गए थे। वहीं कई जगहों पर घरों पर पेड़ गिर गए थे। पीड़ितों में चितरकोटा बड़काटोली के राम उरांव, बेला उरांव, इसराफिल अंसारी, डोली देवी, रफीक अंसारी के घर का एसबेस्टस उड़ गया था। वहीं मुरगू में सड़क किनारे पेड़ गिर गया था। वहीं कई जगहों पर कटहल, महुआ, कोयनार के पेड़ धराशायी हो गए थे। पाली पंचायत के मुखिया प्रेम खलखो, विधायक प्रतिनिधि जेम्सबोन खलखो ने पीड़ित परिवार को आपदा राहत के तहत मुआवजा देने की मांग की है। रातू सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि क्षेत्र का मुआयना कराकर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाएगा।

### ◆पर्यावरण को लेकर रांची के सेंट्रल एकेडमी में सेमिनार आयोजित

# विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सेंट्रल एकेडमी स्कूल बरियातू में गुरुवार को मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण और उर्जा संरक्षण के तहत सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक संस्था विवेकानंद यूथ क्वेक फाउंडेशन, रिलेशंस और सामाजिक संस्था टीम ग्रीन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने 21 पौधों को स्कूल परिसर में लगाकर उनकी देखभाल करने का भी संकल्प लिया। विवेकानंद यूथ क्वेक फाउंडेशन के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि वन महोत्सव के तहत पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा के लिए पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण के लिए जिम्मेवार होना पड़ेगा। तभी हम एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेंट्रल एकेडमी स्कूल बरियातू के सचिव राहुल, प्राचार्य सुतपा भट्टाचार्य, गौरव अग्रवाल, टीम ग्रीन के निपुण जैन, प्रीति कुमारी, शुभम चौधरी, जी एन सहाय, निर्मला सहाय, हरेंद्र कुमार, स्कूल की शिक्षिका श्वेता, अंकिता चौरसिया, रश्मि कुमारी, अजय कुमार यादव, अजीत कुमार आदि कई उपस्थित थे।

### महोत्सव अग्रसेन भवन में सावन सिंधारा का हुआ आयोजन

# महिलाओं ने खूब की सामानों की खरीदारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति शाखा के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित 24 वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव सह हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी मेला के दूसरे दिन महिलाओं द्वारा सावन सिंधारा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी महिलाओं ने खूब मस्ती की मेहंदी रचाई, सावन के मनमोहक गाने मे खूब ठुमके लगाए, सास बहू और बेटियों ने गाने के साथ नृत्य का आनंद लिया एवं अंताक्षरी खेली गई तथा लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया। सावन महोत्सव मेले में 100 से भी ज्यादा स्टॉल लगाए गए हैं। जहां जयपुरिया आभूषण ज्वेलरी, मधुबनी पेंटिंग, कोलकाता से ढेरों डिजाइनर साड़ियां, सलवार सूट छोटे बच्चों के स्पेशल कपड़े, नेपाली कंबल, चादरें, इमिटेशन ज्वेलरी तरह-तरह की नवीनतम डिजाइनो में रंग-बिरंगे वंदनवार, राखियां, सजावट के सामान श्रृंगार की सामग्री, हस्तशिल्प उत्पादों की खरीदारी सैकड़ों महिलाओं ने जमकर खूब की। चांदी की राखियां सबसे आकर्षण का केंद्र रही, लड्डू गोपाल की ड्रेस, पूजा की सामग्री, शादी के लहंगे, इंडो वेस्टर्न ड्रेसेस, बनारस भागलपुर की साड़ियां की जबरदस्त मांग रही। अग्रवाल सभा महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल ने बताया कि 7 जुलाई को संध्या 5 बजे सावन महोत्सव का समापन होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल होंगे। सभा द्वारा मेले के बेस्ट स्टॉल को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कार्यक्रम में महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल, सावन महोत्सव की संयोजिका अलका सरावगी,मेले की सह संयोजिका अनुसुइया नेवटिया, रीना सुरेखा, अनु पोद्दार, मंजू केडिया, नैना मोर, उर्मिला पाड़िया, बीना बुबना, बीना मोदी, बबीता नारसरिया, रीता केडिया, जया बिजावत, सीमा टांटिया, रेनू छापरिया, मधु सराफ, सुधा अग्रवाल, प्रीति पोद्दार, गीता डालमिया, लक्ष्मी पाटोदिया, विद्या अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सरिता मोदी, सुशीला पोद्दार, शोभा हेतमसरिया, प्रीति बंका, छाया अग्रवाल,अरुणा गुप्ता, मीरा टिबडेवाल, सुनैना के अलावे अन्य महिलाएं अपना भरपूर सहयोग दे रही है। उक्त जानकारी अग्रवाल सभा के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

## 5 दिनों बाद रजिस्ट्री का काम दोबारा हुआ शुरू

**रांची।** पिछले पांच दिनों से रांची समेत राज्य के सभी रजिस्ट्री कार्यालयों में चल रही सर्वर की परेशानी गुरुवार को खत्म हो गई। जिसके बाद रजिस्ट्री कार्यालयों में सुचारु रूप से दस्तावेजों का निबंधन हुआ। पांच दिनों बाद रजिस्ट्री ऑफिस में कामकाज पहले की तरह चलने से आम लोगों ने राहत की सांस ली। गुरुवार को कार्यालय खुलने के बाद काफी संख्या में अधिवक्ता और आम लोग अपने कार्य कराने रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे। जिसके कारण अचानक रजिस्ट्री ऑफिस में भीड़-भाड़ बढ़ गई। बता दें कि झारखंड के सभी जिलों में पिछले पांच दिनों से रजिस्ट्री कार्यालय में ऑनलाइन सर्वर में हो रही परेशानी के कारण पूरी व्यवस्था बेपटरी हो चुकी थी। कई लोग घर, फ्लैट, जमीन और विभिन्न दस्तावेज निबंधन कराने के लिए सर्वर ठीक होने का इंतजार कर रहे थे। लोगों का कहना था कि हमलोग रोजाना दूर-दराज से आते थे और फिर वापस लौट जाते थे। जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसके अलावा काम भी बाधित होता था। अभी खेती का समय भी आ गया है।

# सिर्फ वर्दी पहनकर ही देश सेवा नहीं की जाती : मनोज कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सीआरपीएफ के सेकंड इन कमांड मनोज कुमार ने कहा कि सिर्फ वर्दी पहनकर ही देश की सेवा नहीं की जाती है, बल्कि अनुशासित, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ होकर भी देश की सेवा की जा सकती है। वे गुरुवार को कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में स्टूडेंट काउंसिल में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सशक्त और अनुशासित युवा ही देश को नई दिशा दे सकते हैं। प्राचार्य डॉ. नीता पांडेय ने कुमार को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर मनोज कुमार को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट काउंसिल विद्यालय के सुचारू संचालन का एक अभिन्न हिस्सा होता है। इसके माध्यम से बच्चों में नेतृत्व क्षमता और कर्तव्यनिष्ठा विकसित होती है। इससे पहले सत्र 2023-24 के लिए चयनित स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों को शपथ दिलाई गई एवं कार्यभार सौंपा गया। शौर्य प्रखर और वर्षा सोनी को सीनियर विंग, अरहम हिलाल और आराध्या कश्यप को जूनियर सेक्शन का हेड ब्वॉय एवं हेड गर्ल चुना गया। अंकिता गिरि और विभु वैभव को कल्चरल, भूमिका दत्ता और चिराग आशीष को कोयर ग्रुप तथा अनुष्ठा सिंह और आकाश सोनी को स्पोर्ट्स कैप्टन चुना गया। इनके अलावा गंगा, यमुना सतलज और गोदावरी हाउस के सीनियर तथा जूनियर विंग के कप्तानों को कार्यभार सौंपा गया। कार्यक्रमों का संयोजन चीफ कॉर्डिनेटर आशा राज और संचालन कॉर्डिनेटर विनीता वर्मा ने किया। मौके पर सभी हाउस के इंचार्ज, खेल प्रशिक्षक और काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### मॉर्निंग वॉक पर निकले टाटा मोटर्स कर्मी की मौत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत मानगो पुल के पास गुरुवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले 51 वर्षीय सुजीत कुमार की मौत हो गई. सुजीत मानगो राजेंद्र नगर स्थित कुंवर सिंह रोड के रहने वाले थे और वे आठ साल से दिल की बीमारी से जूझ रहे थे. वह बीते सात माह से अनफिट थे. इधर, सुजीत के शव को पोस्टमार्टम हाउस के शव गृह में रखा गया है. सुजीत के बेटे बेंगलुरु में रहते हैं. सूचना पाकर वे भी जमशेदपुर के लिए रवाना हो चुके हैं. उनके आने के बाद ही शव का अंतिम संस्कार होगा. बताया जाता है कि मॉर्निंग वॉक से वापस घर लौटने के दौरान मानगो छोटा पुल के पास सुजीत अचानक सड़क पर गिरकर तड़पने लगे. इस दौरान आस-पास लोगों की भीड़ जमा हो गई. सभी वीडियो बनाने में मशगूल थे पर किसी ने उन्हें अस्पताल नहीं पहुंचाया. मौके से गुजर रहे भालूबासा मुस्लिम बस्ती निवासी निजामुद्दीन ने सुजीत को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई.

### सीएचसी में सहियाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मच्छर तथा मक्खियों से फैलने वाली बीमारियों के बारे में गुरुवार को सहियाओं को प्रशिक्षण दिया गया. इसमें मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, कालाजार के लक्षण तथा उसके निराकरण के सारे उपाय बताए गए. प्रशिक्षक दिनेश घोष, चंदन मन्ना, सनत बेरा तथा मैषा हांसदा ने बताया कि यह कोई घातक बीमारी नहीं है. इसका उचित इलाज से ही निराकरण किया जा सकता है. सावधानी ही इन सब बीमारियों से हमें बचाती है. रात्रि में सोते वक्त मच्छरदानी का प्रयोग ही इसका सर्वोत्तम उपाय है. इस मौके पर प्रशिक्षण लेने पहुंची बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र की अनेक सहियाएं उपस्थित थीं.

### धनबाद : डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**धनबाद।** धनबाद के डीसी संदीप सिंह ने 6 जुलाई, गुरुवार को कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया. उन्होंने संबंधित अधिकारियों से ईवीएम वेयर हाउस की आंतरिक सुरक्षा के बारे में पूछताछ की. उन्हें ईवीएम के रख-रखाव से संबंधित निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. ज्ञात हो कि जिला प्रशासन को समय-समय पर ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण कर रख-रखाव व तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को भेजना होता है. निरीक्षण के दौरान जिले की उप निर्वाचन पदाधिकारी पुर्णिमा कुमारी समेत सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि व वेयर हाउस में ड्यूटी पर लगे कर्मचारी उपस्थित थे.

# घाटशिला अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक को सीएम ने किया पुरस्कृत




**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** घाटशिला अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ शंकर टुडू को अनुमंडल के उत्कृष्ट चिकित्सक के रूप में सम्मनित किया गया है. उन्हें यह सम्मान बुधवार को रांची के नामकुम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया. इस दौरान डॉ टुडू को मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया. इस संबंध में डॉ शंकर टुडू ने बताया कि नेशनल हेल्थ मिशन की ओर से पूर्वी सिंहभूम जिला में दो चिकित्सकों को उत्कृष्ट चिकित्सक का सम्मान मिला है. इसमें सदर अस्पताल के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी आलोक रंजन महतो एवं वे स्वयं शामिल हैं. दोनों को मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित किया गया. उन्होंने बताया कि उन्हें आयुष्मान योजना के तहत बेहतर कार्य करने का परिणाम मिला है. डॉ टुडू ने कहा कि इतना ही नहीं पूरे देश भर के 29 अस्पतालों में घाटशिला अनुमंडल एकलौता सरकारी अस्पताल है जिसे आरोग्य निधि के तहत चयनित किया गया है. इस कारण अब 15 प्रतिशत अधिक आरोग्य निधि से फंड अनुमंडल अस्पताल घाटशिला को मिलेगा. उन्होंने उदाहरण के रूप में बताया कि यदि एक मरीज को प्रत्येक दिन इलाज के लिए 1000 मिलता था अब घाटशिला अनुमंडल अस्पताल के मरीजों को 1150 रुपए दिए जाएंगे. उनका यह सपना है कि घाटशिला अनुमंडल अस्पताल के जनरल वार्ड को और अधिक सुविधाजनक बनाया जाए ताकि मरीजों को बड़े अस्पताल की तरह सेवा मिल सके. उन्होंने इस उत्कृष्ट सम्मान के लिए घाटशिला अनुमंडल के लोगों के साथ-साथ कर्मचारियों के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन सभी के प्रयास एवं सहयोग से मिला है.

# याद किए गए पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भाजपा के प्रणेता पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी. इस मौके चाईबासा प्रवास कार्यक्रम के में उपस्थित भाजपा नेता नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने के लिए मुखर थे. वह इसके लिए आंदोलनरत रहे. उन्होंने इसके लिए एक निशान, एक विधान, एक प्रधान का नारा दिया था और आज पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त किया जा चुका है जो स्वर्गीय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी गई सच्ची श्रद्धांजलि है. इस मौके पर विभिन्न वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचारों रखे. कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सतीश पुरी, पूर्व विधायक जवाहरलाल बानरा, पूर्व विधायक गुरुचरण नायक, सरायकेला-खरसावां के संगठन प्रभारी जेबी तुबिद, एसटी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गीता बालमूचू, पूर्व प्रत्याशी मनोज लेयांगी, अनिल बिरुली, जगदीश पाट पिंगुआ, प्रताप कटियार, सन्नी पासवान, नवीन गुप्ता, मंगता गोप, विप्लव सिंह, अनंत शयनम, तरुण संवैया, अक्षय खत्री, काबू दत्ता, कामेश्वर विश्वकर्मा, मनोज आजाद, संजय पति, नगर महा मंत्री शैलेश प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष पप्पू महतो, लिबिया लागुरी, भूदया हायबुरु, महादेव सिंहदेव, दिलीप पोद्दार, रूपा दास, सुखमति बिरुआ, चंद्रमोहन तियू, पिंटू कुमार, सुभाष, कुंज बिहारी खंडायत एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए.

## भाजपा ने मनाई पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती



**गिरिडीह।** धनवार प्रखंड के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में गुरुवार 6 जुलाई को डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई. इस अवसर पर भाजपा नेता सह पूर्व आईजी लक्ष्मण सिंह सहित दर्जनों भाजपा कार्यकताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. लक्ष्मण सिंह ने डॉ.मुखर्जी को याद करते हे कहा कि भारत की एकता और अखंडता के लिए डॉ.श्यामा प्रसाद ने अपने प्राणों की आहुति दे दी. कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मदद से इन्होंने 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की जो 1980 में भारतीय जनता पार्टी बन गई. भारत को सशक्त बनाने में इनका अहम योगदान रहा है. लक्ष्मण सिंह ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद कश्मीर में अनुछेद 370 के खिलाफ थे. उनका मानना था कि एक देश मे दो विधान, दो प्रधान ओर दो निशान नही चलेगा. कार्यक्रम के बाद लक्ष्मण सिंह हेमरोडीह में आयोजित पार्टी के संपर्क से समर्थन अभियान में शामिल हुए. मौके पर उदय सिंह, पंकज सिंह, परमानंद देव, पप्पू सिंह, शिवशंकर सिंह, सीता राम सिंह, रामेश्वर साव, अरविंद कुमार, श्रवण कुमार, विनय सिंह, मुंशी राम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे.

# हाथियों के उत्पात से निजात दिलाने के लिए भाजपा का हल्ला बोल



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को भाजपा ने जंगली हाथियों से निजात दिलाने के मसले पर चाकुलिया में वन क्षेत्र कार्यालय पर हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित किया. पुराना बाजार स्थित स्टील फैक्ट्री से गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला गया. जुलूस का नेतृत्व भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार, घाटशिला के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, जिला परिषद की अध्यक्षा बारी मुर्मू, चाकुलिया प्रखंड बीस सूत्री के पूर्व अध्यक्ष शंभूनाथ मल्लिक आदि ने किया. भगवान बिरसा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की स्टील फैक्ट्री से निकला जुलूस बिरसा मुंडा चौक पहुंचा और यहां पर भाजपाइयों ने भगवान बिरसा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इसके बाद मुख्य पथ से गुजरता हुआ यह जुलूस वन विभाग कार्यालय पहुंचा और सभा में तब्दील हो गया. जुलूस में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल थे. सभा के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी वन क्षेत्र पदाधिकारी दिग्विजय सिंह को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा. सभा में डॉ. गोस्वामी ने कहा कि विगत कई महीनों से 100 हाथियों के झुंड ने चाकुलिया, बहरागोड़ा तथा धालभूमगढ़ प्रखंडों के विभिन्न गांवों में उत्पात मचा रखा है. ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है. राज्य की गठबंधन सरकार और वन विभाग ने यहां के लोगों की हाथियों से सुरक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठाया. वन विभाग के पदाधिकारी एक दल विशेष के कैडर के रूप में काम कर रहे हैं. हेमंत सरकार जनविरोधी हो गई है. वन विभाग पर्यटन विभाग बन गया है. चाकुलिया में 78 एकड़ जंगल उजाड़ कर 16 करोड़ की लागत से इकोलॉजिकल पार्क बनाया जा रहा है. राशि की बंदरबांट हो रही है. वन विभाग ने वन्य प्राणियों से मुंह मोड़ लिया है और ठेकेदारी करने में मस्त है. तभी तो हाथियों के भय से ग्रामीण रात भर जग रहे हैं और वन विभाग सो रहा है. जब वन विभाग द्वारा जंगल को उजाड़ा जाएगा तो जंगली हाथी कहां जाएंगे. वन विभाग असंवेदनशील हो गया है. हाथी के हमले से मृतकों के आश्रितों को दो माह बाद मुआवजा राशि का चेक दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि गांव गांव में ग्राम रक्षा समिति का गठन करें. मेरे द्वारा टॉर्च उपलब्ध कराया जाएगा. डॉ गोस्वामी ने कहा कि सरकार और वन विभाग हाथियों के उपद्रव से लोगों को सुरक्षा दे, हाथी से मृत व्यक्ति के आश्रित को 10 लाख मुआवजा दिया जाए. ग्रामीणों को टॉर्च और पटाखे दिए जाएं. हाथियों को दलमा या किसी जंगल में सुरक्षित पहुंचाया जाए. इन्हीं मांगों को लेकर आज वन विभाग कार्यालय पर हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित किया गया है. सभा को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया. सभा का संचालन साधन मल्लिक ने किया. इस अवसर पर सुमन कल्याण मंडल, राजकुमार कर आदि उपस्थित थे.

# हाथी ने बुजुर्ग महिला को पटक-पटक कर मार डाला



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के दारू में हाथियों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है. तीसरे दिन झुंड से बिछड़े हाथी ने अहले सुबह तीन बजे पिपचो में जमकर उत्पात मचाया और एक बुजुर्ग महिला को पटक-पटक कर मार डाला. वहीं जगनी देवी (62 वर्ष) के दोनों पोतों ने छत पर चढ़कर हाथी से अपनी जान बचायी. ग्रामीण ने सुबह वन विभाग के अधिकारियों को घटना की पूरी जानकारी दी. सूचना मिलने पर वन विभाग के पदाधिकारी और कर्मी घटना स्थल पर पहुंचे. वन विभाग ने महिला के अंतिम संस्कार के लिए तत्काल 25 हजार का मुआवजा दिया. वहीं सरकारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद 3.75 लाख मुआवजा बाद में देने की बात कही. बता दें कि 5 जुलाई की शाम करीब सात बजे हाथी ने पिपचो में प्रवेश कर इदरीश अंसारी की मकई फसल को बर्बाद कर दिया था. इधर वन विभाग के कर्मी और ग्रामीण रात 12 बजे तक हाथी को भगाने में जुटे रहे. लेकिन हाथी मकई खेत में ही रहा और नहीं निकला. जिसके बाद सभी लोग अपने घर चल गये. फिर अहले सुबह करीब तीन बजे हाथी ने अपने दोनों पोतों के साथ सो रही जगनी के घर का दरवाजा तोड़ा और उसे पटक कर मारा डाला. हाथी को आते देख दोनों बच्चे की नींद खुल गयी और दोनों ने छत पर चढ़कर अपनी जान बचायी. सुबह वन विभाग के लोग पहुंचे और मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया.

**घोर किल्लत**

## धनबाद-झरिया मुख्य मार्ग पर चार घंटे आवागमन रहा ठप

# पानी के लिए मचा हाहाकार, लोगों ने किया रोड जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झरिया में इन दिनों बिजली-पानी के लिए हाहाकार मचा है. लगातार पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है. गुरुवार 6 जुलाई को बस्ताकोला के लोगों ने झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग को लगभग चार घंटे तक जाम कर दिया. बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे हाथ में बाल्टी व गैलन लेकर 11 बजे बस्ताकोला स्थित गोशाला चौक समीप पहुंचे व सड़क पर बैठ गए. रोड पर आंदोलनकारियों के जमे रहने के कारण धनसार मोड़ से कतरास मोड़ तक वाहनों की लंबी कतार लग गई. आवागमन लगभग ठप पड़ गया. सूचना मिलने पर झरिया पुलिस दल बल के साथ पहुंची व प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया. परंतु लोगों ने पुलिस की एक नहीं सुनी. प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने झमाड़ा एवं झरिया विधायक के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली. लोगों का कहना था कि पिछले 2 वर्षों से पूरे बस्ताकोला में पानी की घोर किल्लत है. महीनों तक नल नहीं खुलता है. प्रदर्शन में शामिल लिपिका महंत ने कहा कि 2 माह से उनके घर में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है. बावजूद 15 हजार का भारी भरकम बिल भेज दिया गया. वही अनिता देवी ने बताया कि पेयजल आपूर्ति नहीं होने के कारण दो से तीन हजार रुपये प्रति माह की दर से पानी खरीद कर पी रहे हैं. स्थानीय महिलाएं सुरिंदर बंसल, सरस्वती देवी, मुक्ति देवी, संध्या सिन्हा का कहना था कि जल ही जीवन है. लेकिन जनप्रतिनिधि यह बात शायद भूल गई हैं. झमाड़ा के अधिकारी को कई बार परेशानियों से अवगत कराया गया, लेकिन स्थिति जस की तस है. यही कारण है कि सड़क पर उतरने को विवश हुए हैं. सड़क जाम होने के चार घंटे बाद लगभग 2 बजे विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह एवं झमाड़ा के कार्यपालक अभियंता पंकज झा पहुंचे. प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने विधायक प्रतिनिधि एवं झमाड़ा अधिकारियों को खूब खरी-खोटी सुनाई. झमाड़ा कार्यपालक अभियंता पंकज झा ने लोगों को समझा बुझा कर जाम हटाया. उन्होंने पेयजल आपूर्ति बाधित होने का पूरा ठीकरा बिजली विभाग पर फोड़ा. कहा कि बिजली बाधित होने के कारण भंडारण व वितरण में परेशानी होती है. कभी मोटर खराब तो कभी पाइपलाइन में लीकेज के कारण भी मुश्किल बढ़ गई है.



### चाईबासा : आदिवासी संगठनों ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का फूंका पुतला



**चाईबासा।** जिले के पोस्ट ऑफिस चौक पर बुधवार शाम आदिवासी संगठनों ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और सीधी के भाजपा विधायक के प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला का पुतला दहन किया. यह पुतला दहन सत्ता के नशे में चूर सीधी के भाजपा विधायक प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना के विरोध में किया गया था. आदिवासी संगठनों ने एक स्वर में कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा विधायक के प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना ने पूरे देश को शर्मसार किया है. भाजपा का आदिवासियों के प्रति निकृष्ट मानसिकता को उजागर करते हुए उनके झूठे आदिवासी प्रेम का पदार्फाश करना अत्यंत आवश्यक है. विरोध प्रदर्शन में प्रकाश पूर्ति, विनोद सवाइयां, बेला जेराइ, राजकमल पाठ पिंगुआ, वीर सिंह बालमुचु, अजीत पूर्ति, संजय लगुरि, बाल किशन देवगम, सन्नी संदीप देवगम, कालीचरन सवाइयां, शुशिला बोदरा, हीरा मानी देवगम, राहुल बिरुआ, सचिन राज तुबिद, रवि बिरूली, अनिल बनरा, रोहित कलुण्डिया, अनुज दोन्गो, युवराज पूर्ति, मनोज बिरूली, आदि मौजूद थे.

### चाईबासा : महिला कॉलेज में इंटरमीडिएट का नामांकन प्रक्रिया शुरू

**चाईबासा।** महिला कॉलेज चाईबासा में आईए, आईएससी और आईकॉम (11वीं कक्षा) सत्र 2023-2025 हेतु नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है. छात्राएं बैंक काउंटर पर चालान जमा करके नामांकन पपत्र प्राप्त कर सकते हैं. नामांकन पपत्र के साथ दस्तावेजों भी जमा करें. जिसमें विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र की मूल प्रति, मैट्रिक का एडमिट कार्ड, मार्कशीट, माइग्रेशन, पंजीयन की छायाप्रति, आधार कार्ड की छाया प्रति, जाति तथा आय प्रमाण पत्र की छाया प्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति होना अनिवार्य है. इच्छुक छात्राएं महिला कॉलेज चाईबासा के कार्यालय अवधि 10.30 से दोपहर 4 बजे के बीच आकर अपना नामांकन सुनिश्चित करा सकती हैं. मालूम हो कि कोल्हान विश्वविद्यालय के अंगीभूत कॉलेजों में इंटरमीडिएट के नामांकन की प्रक्रिया बंद हो गई थी. सरकार के आदेश आने के बाद सभी डिग्री कॉलेजों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है. कई विद्यार्थी नामांकन की प्रतीक्षा में थे.

### गिरिडीह : एमपी पेशाबकांड के खिलाफ झामुमो ने फूंका भाजपा का पुतला



**गिरिडीह।** मध्यप्रदेश के सीधी में भाजपा नेता के एक आदिवासी युवक पर पेशाब किए जाने की घटना से देश भर के आदिवासी समुदाय में उबाल है. अब इसपर राजनीति पर भी परवान चढ़ने लगी है. इसी कड़ी में घटना के विरोध में गुरुवार 6 जुलाई को झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने टावर चौक पर भाजपा का पुतला फूंका और भाजपा को आदिवासी विरोधी बताया. जिला अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में झामुमो कार्यकताओं ने भाजपा का पुतला लेकर पार्टी कार्यालय से एक जुलूस निकाला. भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पार्टी नेता और कार्यकर्ता शहर के टावर चौक पहुंचे और भाजपा का पुतला जलाया. जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि इस घटना ने एक बार फइर भआजपा का आदिवासी विरोधी चेहरा उजागर कर दिया है. पुतला दहन कार्यक्रम में झामुमो नेता आनंद मिश्रा, तेजलाल मंडल, प्रमिला मेहरा, देवराज, दिलीप रजक, राकेश सिंह, असदुलाह समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल थे.

### धनबाद: हीरापुर पार्क मार्केट चेम्बर के फिर अध्यक्ष बने संजीव चौरसिया




**धनबाद।** संजीव चौरसिया फिर चेंबर ऑफ कॉमर्स, पार्क मार्केट हीरापुर के अध्यक्ष चुन लिये गए. गुरुवार 6 जुलाई को वार्षिक आम सभा हीरापुर स्थित अग्रसेन भवन में हुई. आमसभा में वर्ष 2022-23 का लेखा जोखा पेश किया गया. इसके बाद नये सत्र 2023-24 के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ. आमसभा में आम सहमति के आधार पर फिर पुरानी कमेटी को ही चेंबर की नई जिम्मेदारी सौंपी गई. व्यापारियों ने सर्वसम्मति से पुरानी कमेटी पर भरोसा जताते हुए नए सत्र के लिए संजीव चौरसिया को अध्यक्ष, विनोद अग्रवाल को सचिव व मनीष रंजन को कोषाध्यक्ष चुन लिया. कोषाध्यक्ष चुने जाने पर मनीष रंजन ने कहा कि एक बार फिर सदस्यों ने पुरानी कमेटी पर भरोसा जताया है. उनके इस विश्वास और भरोसे पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे. उन्होंने कहा कि नई कमेटी को अपने मार्केट तथा दुकानदारों के हित में कई काम पूरे करने है. उन्होंने कहा कि सत्र 2023-24 में ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को चेंबर से जोड़ा जाएगा.

### वज्रपात की चपेट में आने से दो की मौत

**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र के खांडी में वज्रपात की चपेट में आकर एक बच्चा और एक 44 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार खाड़ी निवासी 44 वर्षीय जोवल यादव पिता बिहारी यादव खेत में काम कर रहे थे. इसी दौरान वह वज्रपात की चपेट में आ गये. वहीं खाड़ी निवासी तीन वर्षीय बच्चा कारू रविदास पिता विदेशी रविदास अपने घर के बाहर खेल रहा था. इसी क्रम में वह भी वज्रपात की चपेट में आ गया. घटना के बाद परिजन उक्त दोनों को सदर अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टर कुमार सौरभ ने दोनों को मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

### पुण्यतिथि पर याद किये गए बाबू जगजीवन राम

**धनबाद।** भूली में गुरुवार 6 जुलाई को पूर्व उप-प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि मनाई गई. भूली ई ब्लॉक सेक्टर 5 स्थित प्रतिमा स्थल पर बाबू जगजीवन राम सेवा समिति की ओर से आयोजित समारोह में पूर्व उप प्रधानमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित किये गए. वक्ताओं ने कहा कि बाबू जगजीवन राम महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक व कुशल प्रशासक थे. वह समाज के वंचित एवं शोषित वर्गों के उत्थान के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे. उनके कृतित्व को कभी भुलाया नहीं जा सकता. बाद में समिति के सदस्य ई ब्लॉक सेक्टर पांच निवासी राजेन्द्र रविदास के असामयिक निधन पर सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की.

### उपायुक्त ने किया चितरपुर व गोला प्रखंड का दौरा

# बचे कार्यों को पूरा करें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गुरुवार को चितरपुर एवं गोला प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम चितरपुर प्रखंड अंतर्गत चितरपुर रजरप्पा फोरलेन मार्ग पर बाकी बचे कार्यों को पूर्ण करने हेतु दिए गए निर्देश के आलोक में अब तक किए गए कार्यों का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल रामगढ़ को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं,सुरक्षा दृष्टिकोण से उपायुक्त ने चितरपुर रजरप्पा फोरलेन मार्ग पर पड़ने वाले रेलवे क्रॉसिंग के समीप हाइट बैरियर लगाने सहित आवश्यकता अनुसार अन्य सुरक्षा उपबंध करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से उपायुक्त ने फोरलेन मार्ग अंतर्गत पड़ने वाले डिवाइडरों पर वृक्षारोपण व सुरक्षा संबंधित अनुबंध करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। चितरपुर प्रखंड के उपरांत उपायुक्त ने गोला प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भारतमाला परियोजना के तहत गोला ओरमांझी पथ निर्माण कार्यों का जायजा लिया। मौके पर परियोजना निदेशक एनएचएआई रामगढ़ के द्वारा उपायुक्त को अब तक किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं, उपायुक्त ने कार्यों के दौरान सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने व योजनाबद्ध तरीके से ससमय कार्य पूर्ण करने को लेकर कई निर्देश अधिकारियों को दिए। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, महाप्रबंधक सीसीएल रजरप्पा, परियोजना निदेशक एनएचएआई रामगढ़, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# मध्यप्रदेश के सीएम का पुतला किया गया दहन

### आदिवासियों पर अत्याचार बंद करें भाजपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** जिला कमिटी के आदेशानुसार बरकट्ठा प्रखंड इकाई झामुमो के तत्वाधान में मध्यप्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आदिवासी युवक के साथ दुर्व्यवहार करने के खिलाफ प्रखंड मुख्यालय के समीप जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष कुदुश अंसारी व कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया । मौके पर प्रखंड अध्यक्ष कुदुश अंसारी ने कहा आदिवासियों पर भाजपा सरकार अत्याचार बंद करें। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता कार्तिक महतों, संयोजक संजय साव, प्रखंड सचिव राजाराम, भारत जगत मांझी अध्यक्ष रामजी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू, पोखन मांझी, चेतलाल मुर्मू, सहदेव मुर्मू, कार्तिक महतों, अब्दुल मति, हाजी साहब, इरास अंसारी, मणिलाल सोरेन समेत दर्जनों लोगों ने पुतला दहन कार्यक्रम में उपस्थित होकर विरोध किया।

### दूसरे के जमीन में प्रधानमंत्री आवास बनाने को लेकर बीडीओ को आवेदन



**बरही ।** कोलंगा निवासी बसमतिया देवी पति राजेंद्र यादव दूसरे के जमीन में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कर रहे है. उक्त जानकारी भुक्तभोगी पंचमाधव निवासी पप्पू कुमार यादव पिता बाल गोविंद यादव ने बीडीओ को आवेदन देकर दिया है. भुक्तभोगी का यह भी आरोप है कि उक्त व्यक्ति पूरी तरह सक्षम है. वह अपना आय और साक्ष्य छिपाकर अवैध तरीको से आवास आवंटित करवाया है. पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि वह बाहर रहते है. जब वह अपने गांव लौटे तो उन्हे जानकारी मिली. मामले को लेकर बीडीओ सी छानबीन करते हुए उचित करवाई की बात किया है. मामले के संदर्भ में बीडीओ ने बताया कि जांचोपरांत आवेदन पर उचित कारवाई की जायेगी. इस संदर्भ में लाभुक से बात करने का प्रयास किया गया परंतु संपर्क नहीं होने के कारण उसका पक्ष नहीं लिया जा सका है.

### जीटी रोड से सटा खुला कुआं दुर्घटना को दे रहा है दावत, धनवार मुखिया ने की शीघ्र भरवाने की मांग



**बरही ।** करियातपुर में जीटी रोड से महज 20 मीटर दूरी पर एक खुला कुआं है. इसकी लिखित जानकारी धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने स्थानीय प्रशासन को दी है. मुखिया ने बताया कि वर्तमान में कूड़ा में करकट भरा हुआ है, जो मुख्य सड़क से बिल्कुल सटा हुआ है. जिससे सड़क दुर्घटना की संभावना से परहेज नहीं किया जा सकता है. विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व पदमा के एक सड़क किनारे स्थित कुआं में एक बुलेट एवं एक कार गिर जाने से छः लोगो को अपनी जान गवानी पड़ी थी. बाबजूद एनएचएआई अब तक गंभीर नही हुआ है. मुखिया ने प्रशासन से त्वरित करवाई करते हुए तत्काल कुआं भरने की मांग की है. जिससे भविष्य में रोमी जैसे घटना की पुनर्वृति नही हो.

# अदाणी फाउंडेशन ने किया खाद का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के बड़कागांव में अदाणी फाउंडेशन ने गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत ग्रामीणों के बीच खाद का वितरण किया. बड़कागांव स्थित कार्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के गाली, बलोदर और गोंदलपुरा के ग्रामीणों को 50 किलोग्राम डीएपी खाद, 50 किलोग्राम यूरिया और दस किलोग्राम धान का बीज दिया गया. इस मौके पर करीब 35 से अधिक किसान मौजूद रहे. कार्यक्रम में किसानों को बताया गया कि खाद और दवाओं का सही प्रयोग करने से अच्छी फसल मिलेगी. डीएपी खाद पौधों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. साथ ही यह तिलहन और दलहन फसलों के लिए अत्यधिक उपयुक्त है. पौधों के पोषक तत्वों के लिए भी यह अत्यधिक उपयोगी माना जाता है. खाद के उपयोग से मिट्टी में वायु संचार बढ़ने के साथ-साथ मिट्टी के जल सोखने की क्षमता भी बढ़ती है. पौधों की जड़ों का विकास अच्छा होता है. किसानों ने अदाणी फाउंडेशन का आभार जताते हुए कहा कि लगातार सीएसआर के तहत कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है.

### सामाजिक कुरीति निवारण योजना अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# डायन बिसाही पर जागरूकता से ही लगेगा विराम




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सामाजिक कुरीति निवारण योजना के तहत गुरुवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला प्रखंड के पंचायत भवन, मगनपुर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित ग्रामीणों व अन्य को सामाजिक कुरीतियों जैसे डायन प्रथा एवं इसके रोकथाम हेतु डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के क्रम में उन्हें जागरूक किया गया। वहीं, कार्यशाला के दौरान ग्रामीणों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत बच्चियों को मिलने वाले लाभ, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देने के क्रम में ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया है

#### क्या है डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001

डायन की पहचान यदि कोई भी व्यक्ति - जो किसी अन्य व्यक्ति को 'डायन' के रूप में पहचान करता हो और उस पहचान के प्रति अपने किसी भी कार्य, शब्द या रीति से कोई कार्रवाई करे, तो इसके लिए उसे अधिकतम तीन महीने तक कारावास की सजा अथवा एक हजार रुपये जुर्माने की सजा अथवा दोनों से दंडित किया जायेगा। प्रताड़ित करने का हजार्ना-यदि कोई भी व्यक्ति जो किसी औरत को डायन के रूप में पहचान कर उसे शारीरिक या मानसिक यातना जानबूझ कर या अन्यथा प्रताड़ित करता है, तो उसे छः माह की अवधि के लिए कारावास या सजा अथवा दो हजार रुपए तक जुमार्नें अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा।

#### डायन की पहचान में दुष्प्रेरण

ऐसे किसी भी व्यक्ति को जो किसी औरत को 'डायन' के रूप में पहचान करने के लिए साशय या अनवधानता से अन्य व्यक्ति को या समाज के लोगों को उकसाता हो, षडयंत्र रचता हो या उन्हें सहायता देता हो, जिससे उस औरत को हानि पहुँचे, तो तीन महीने तक का कारावास अथवा एक हजार रुपए के जुर्माने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा ।

### सोमनाथ ठाकुर मामले में अनुमंडल पत्रकार परिषद के पत्रकारों ने एसडीपीओ से किया मुलाकात




**बरही ।** स्थानीय पत्रकार सोमनाथ ठाकुर के साथ पुलिस के मारपीट मामले को लेकर अनुमंडल पत्रकार परिषद के पत्रकारों ने गुरुवार को एसडीपीओ नजीर अख्तर से मुलाकात किया. पत्रकारों ने एसडीपीओ से मारपीट में दोषी पुलिस बल पर उचित करवाई करने की मांग किया. बताया कि पत्रकार पर किया गया अमानवीय व्यवहार कही से भी उचित नही है. पत्रकार हमेशा पुलिस प्रशासन और जनता के बीच सूचक का काम किया है. परंतु इस प्रकार बर्बर कारवाई अनुचित है जिसका अनुमंडल पत्रकार परिषद पुरजोर विरोध करते हुए उचित कार्यवाही की मांग करता है. एसडीपीओ ने भी घायल पत्रकार श्री शर्मा का बारीकी से निरीक्षण किया और यह स्वीकार किया कि घाव गहरा है जो टॉर्च के हमले से ही हुआ है. इस संबंध में वह पारदर्शिता के साथ निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक को अपना रिपोर्ट सौंपने की बात कही. मौके पर घटना की रात गश्ती दल के एसआई दयानंद सरस्वती भी मौजूद थे. जिन्होंने अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में पुनरावृति नही करने की बात कही. एसडीपीओ से मिलने वालों में मुख्य संरक्षक जावेद इस्लाम, श्याम मोहन शर्मा, अध्यक्ष संजय यादव, महासचिव शशि शेखर, उपाध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा आदि सहित कई परिषद के कई पत्रकार शामिल थे.

### हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला के चौपारण पुलिस ने संजय गुप्ता हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. संजय गुप्ता की हत्या दनुआ स्थित होटल में 17 सितंबर 2009 को कर दी गई थी. इस संबंध में चौपारण थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी जगदीश यादव के खिलाफ चौपारण थाना कांड संख्या- 96/09 दिनांक- 17/09/2009 धारा- 302/34 भादवि के तहत प्राथमिकी दर्ज है. आरोपी चौपारण के दनुआ निवासी दशरथ यादव है, जो 14 सालों से फरार चल रहा था. जगदीश यादव के खिलाफ स्थायी वारंट निर्गत किया गया था. एसपी के आदेश पर सियारकोनी से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया.

# हजारीबाग में लगा विलुप्तप्राय कल्पतरु का पौधा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** धरती से कल्पतरु वृक्ष अब पूरी तरह से गायब होता जा रहा है. आलम यह है कि देश में जहां महज 600-700 पेड़ बचे हैं, वहीं झारखंड की राजधानी रांची में सिर्फ दो पेड़ ही शेष हैं. एक पेड़ जमशेदपुर पुलिस लाइन में है. ऐसे में अब इस दुर्लभ वृक्ष को लगाने की कोशिश की जा रही है. इसी कड़ी में हजारीबाग में भी कल्पतरु वृक्ष का पौधा लगाया गया है. दरअसल पूरे राज्य भर में कल्पतरु वृक्ष को बचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है. इसी मुहिम के तहत हजारीबाग में भी देव वृक्ष के रूप में जाना जाने वाला कल्पतरू लगाया जा रहा है. पदमा के पं. परमानंद शर्मा ने बताया कि कल्पतरु के बारे में धार्मिक मान्यता यह है कि समुद्र मंथन के दौरान यह वृक्ष निकला था. कामधेनु जब समुद्र मंथन से प्राप्त हुआ, उसके बाद कल्पतरु वृक्ष निकला था. इस कारण इसका धार्मिक महत्व अधिक है. कल्पतरू का जहां धार्मिक महत्व है, तो दूसरा इसमें औषधीय गुण भी मौजूद हैं. इस वृक्ष पर अनुसंधान करने वाले विशेषज्ञ डॉ. एम. सिंह बताते हैं कि इसमें छह तरह के अमीनो एसिड पाए जाते हैं. अमीनो एसिड से काफी महंगी दवा बनती है. इस कारण इसका अधिक महत्व है. हजारीबाग की उप विकास आयुक्त ने कल्पतरू समाहरणालय परिसर में लगाया है. वृक्ष लगाने में हजारीबाग राजकीय बीएड कॉलेज के शिक्षक मनोज कुमार का महत्वपूर्ण योगदान है. उन्होंने बताया कि इस पौधा को रांची के गढ़कटंगा नर्सरी में तैयार किया गया है. नर्सरी वन विभाग का है, जहां डोरंडा स्थित कल्पतरु के बीज को जर्मिनेट करके तैयार किया गया. नर्सरी को पांच बीज दिया गया था, उसी में से एक पौधा तैयार हुआ है. शिक्षक मनोज कुमार ने यह भी कहा कि यह पौधा देव तुल्य पौधा है. पौधे को जर्मिनेट कराने में काफी परेशानी होती है. लेकिन जब पौधा एक बार लग जाता है तो फिर यह तैयार हो जाता है. पर्यावरण संरक्षक मनोज कुमार यह भी बताते हैं कि बाल तरु अब विलुप्त होता जा रहा है. ऐसे में लोगों की कोशिश होनी चाहिए कि बाल तरु लगाएं और उसकी सुरक्षा भी करें. आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में आज नया समाहरणालय परिसर में पौधारोपण अभियान का शुभारंभ उप विकास आयुक्त प्रेरणा ने किया.

# ओकनी-राजा बंगला रोड स्थित किराना दुकान में चोरी का प्रयास



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के मेन रोड से सटे घनी आबादी वाले इलाके ओकनी-राजा बंगला रोड स्थित किराना दुकान में चोरी का प्रयास किया गया. किराना दुकान के संचालक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि घटना गुरुवार की अहले सुबह तीन बजे की है. कुछ लोग उनकी दुकान का ताला तोड़ रहे थे, तभी उसी रोड में एक दुकान के संचालक सुमित की नींद खुल गई. उन्होंने जैसे ही बाहर निकल कर शोर मचाना शुरू किया, तो चोरी करने का प्रयास कर रहे लोग वहां से फरार हो गए. संचालक ने बताया कि दुकान का ताला क्षतिग्रस्त हुआ. यह क्षेत्र लोहसिंगना थाना के अंतर्गत आता है. पिछले कुछ माह से इस क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं. दो मेडिकल दुकानों में भी पहले चोरी हो चुकी है.

**स्वागत** — रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ का आभार एवं 56वां पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन

# डॉ. आलोक रतन चौधरी बने अध्यक्ष व जेपी सिंह सचिव, पदभार ग्रहण किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ का आभार एवं 65वां पदभार ग्रहण समारोह बुधवार देरशाम रांची रोड़ स्थित सिद्धि विनायक बैंक्विट में संपन्न हुआ। समारोह का आयोजन 2 भाग में किया गया। प्रथम भाग में सत्र 2022-23 के आभार सम्मान का आयोजन किया गया। जबकि दूसरे सत्र में 65वां पदभार ग्रहण का आयोजन किया गया। दोनो सत्र की मुख्य अतिथि पूर्व रोटरी जिलापाल रोटरियन बिंदु सिंह तथा गेस्ट ऑफ ऑनर डीजीएन रोटरियन नम्रता जी थीं। प्रथम सत्र के दौरान दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल गर्ग ने किया। इस मौके पर अनिल गर्ग एवम राहुल जैन ने पुष्पगुच देकर अतिथियों का उत्साह के साथ स्वागत किया। वहीं, उषा गर्ग एवम प्रियंका जैन ने शॉल देकर अतिथियों को शॉल देकर सम्मानित किया। मंच संचालन रोटरियन विजय कुमार ने किया। इस दौरान सत्र 2022-23 के सेक्रेटरी राहुल जैन द्वारा सत्र 2022-23 के कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। वहीं, समाज सेवा मे सराहनीय कार्य के लिए रोटेरियंस, डॉक्टर्स एवम सामाजिक संस्था को सम्मानित किया गया। बेस्ट रोटेरियन संजय जैन, आउटस्टैंडिंग रोटेरियन मदन माहेश्वरी, पीलर ऑफ क्लू प्रदीप सिंह, ट्राइंफ एवार्ड सुरेश पी अग्रवाल एवम डी पी सिंह, बेस्ट प्रोजेक्ट चेयरमैन विजय पोद्दार , आईकैंप अवार्ड विजय कुमार, अटेंडेंस अवार्ड कमलेश्वर सिंह, राजेश मेहता को मिला। जबकि डॉ एके बरेलिया, डॉ के चंद्रा, डॉ आलोक रतन, डॉ सुधीर आर्या को रोटरी हॉस्पिटल में निःशुल्क सेवा प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया। दूसरे सत्र में रोटरियन डॉ आलोक रतन चौधरी ने अध्यक्ष एवं रोटरियन जेपी सिंह ने सेक्रेटरी का पदभार ग्रहण किया। उन्हें समारोह के मुख्य अतिथि जीडीजी बिंदु सिंह ने पद व गोपनियता की शपथ दिलाया। इसके उपरांत नए सत्र के अध्यक्ष डॉ आलोक रतन चौधरी ने सत्र 2023-24 के सदस्यों का परिचय करवाया।

#### रोटरी समाज हित में कार्य जारी रखेगीः बिंदु सिंह

समारोह को संबोधित करते हुए पीडीजी बिंदु सिंह ने उपस्थित सदस्यों को रोटरी के संबंध में अनेक बातों की जानकारी दी। कहा की रोटरी समाज हित में कार्य जारी रखेगी। जबकि नए सत्र के अध्यक्ष डॉ आलोक रतन चौधरी ने कहा की रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ अपनी सेवा भावना को कायम रखते हुए समाज सेवा का आनेवाले समय में भी जारी रखेगी। सत्र 2023-24 में डिस्ट्रिक्ट की ओर से क्लब को मेगा हेल्थ चेकअप कैंप, कैटरेक्ट ऑपरेशन,रोटरी हॉस्पिटल के लिए एवार्ड प्रदान किया। मंच संचालन अरूण कुमार राय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन नए सत्र के सेक्रेटरी जेपी सिंह ने दिया।

#### ये थे उपस्थित

समारोह में अनिल गर्ग, राहुल जैन, डॉ आलोक रतन चौधरी, जेपी सिंह, संजय जैन, सुरेश पी अग्रवाल, डीपी सिंह, प्रदीप सिंह,राजेश मेहता, रंजीत सिंह, जितेंद्र प्रसाद, संजय चौधरी, संजय अग्रवाल मथुरावाले, विजय कुमार, संजीव सिंह संजू, संजय शर्मा, बिनोद जैन, कांता सोबती, कुलविंदर सिंह लांबा, मदन माहेश्वरी, विजय पोद्दार, राजेश मोदी, संतू भाई मानिक, मांगी गुप्ता, उषा गर्ग, प्रियंका जैन, सुनीता जैन, खुशबू जैन, संगीता अग्रवाल, संजना अग्रवाल, रेणू सिंह, सीमा सिंह आदि उपस्थित थे।



# मंत्री जोबा मांझी ने किया आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा मांझी ने कोडरमा का दौरा किया। इस क्रम में कोडरमा प्रखण्ड अंतर्गत बलरोटांड, सलईडीह, नावाडीह, झरीटांड इंदरवा, हुसैनाबाद एवं सिंग्लोडीह आंगनबाडी केन्द्रों का भ्रमण किया। आंगनबाडी केन्द्र बलरोटांड में सेविका द्वारा टीएलएम के माध्यम से केन्द्र में होने वाले गतिविधियों की जानकारी दी गई और बच्चों के द्वारा बनाये गये वस्तुओं को दिखाया गया। माननीय मंत्री आंगनबाड़ी केन्द्र के सुविधाओं को देखकर काफी प्रसन्न हुई और कहा कि उपायुक्त के प्रयास से बच्चे काफी समझदार बन रहें है। उनके द्वारा की गई गतिविधि ने मन को मोह लिया है । इसके साथ हीं उन्होंने पोषण वाटिका का भी भ्रमण किया। पोषण वाटिका में हरे-भरे साग-सब्जियां देकर काफी प्रसन्न हुईं। इसके बाद उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र सलईडीह का भ्रमण किया, जहां छोटे-छोटे बच्चों के द्वार नृत्य कर इनका स्वागत किया गया साथ हीं उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के माता-पिता के साथ संवाद किया और बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं को जाना। अभिभावकों द्वारा बताया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में पहले के अपेक्षा काफी बदलाव हुआ है। बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। इसके उपरांत माननीय मंत्री ने आंगनबाड़ी केन्द्र नावाडीह का भ्रमण किया, जहां सेविका द्वारा बताया गया कि इस आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से सवित्री बाई फुले किशोरी स्मृद्धि योजना से बच्चियों को लाभ दिया गया है। साथ ही सेविका द्वारा प्रोजेक्ट किलकारी से संबंधित प्रशिक्षण के पूर्व एवं प्रशिक्षण के बाद के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। आंगनबाड़ी केन्द्र के विकास के लिए किये जा रहे कार्यों का अपना अनुभव साझा किया। माननीय मंत्री ने आंगनबाड़ी केन्द्र की सुविधाओं की प्रशंसा की और कहा कि इन बच्चों का शुरूआती बागडोर आपके हाथों में है और इन्हें बेहतर शिक्षा प्रदान करें। हुसैनाबाद आंगनबाड़ी केन्द्र में स्वागत के तरीकों में से किसी एक तरीके से बच्चों से माननीय मंत्री का स्वागत किया गया। साथ हीं बच्चों द्वारा हाथ धोने के छः तरीकों के बारे में जानकारी दी गयी। बच्चों ने गुड टच और बेड टच की जानकारी दी साथ हीं आंगनबाड़ी केन्द्र सिग्लोडीह में बच्चों/आंगनबाड़ी-सेविका का मूल्यांकन करना एवं ऑनलाईन फार्म भरना, पुरा पंजी दिखाना इत्यादि कार्य संपन्न हुआ। मंत्री ने कहा कि उपायुक्त द्वारा आंगनबाड़ी के विकास के लिए जो कार्य किये गये है वह प्रशंसनीय है। इस मौके पर विधायक डॉ नीरा यादव, उपायुक्त आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी व अन्य मौजूद थे।

# 10 जुलाई को काला दिवस मनाएगा आंगनबाड़ी यूनियन

**नवीन मेल संवाददाता**

कोडरमा। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ आंगनबाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्पर (आइफा) के आह्वान पर सेविका सहायिका को 26 हजार मानदेय, ग्रेच्युटी का लाभ, पेंशन देने व आईसीडीएस का निजीकरण के खिलाफ देशव्यापी मांग दिवस पर काला दिवस मनाया जाएगा. यह निर्णय गुरूवार को झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) की जिला कमिटी की ऑनलाइन बैठक में लिया गया. जिसकी अध्यक्षता जिला सचिव वर्षा रानी ने किया. इस ऑनलाइन बैठक में मार्गदर्शन हेतु सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी भी मौजूद थे. बैठक में छह महीने से पोषाहार राशि नहीं मिलने के कारण आंगनबाड़ी केंद्र चलाने में आ रही समस्या सहित कई मुद्दे पर चर्चा की गई और पूर्व के निर्णय की जिसमें सोमवार से आंगनबाड़ी केंद्र में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के फैसले को वापस लिया गया और बढ़ती महंगाई के चलते सामानों का दाम बेतहाशा बढ़ने से हो रही परेशानी, केन्द्र सरकार के द्वारा झारखंड की सेविका सहायिका को नवम्बर 2022 से मानदेय नहीं देने, एसीएसटी केंद्र में जनवरी व अन्य केन्द्रों में मार्च महीने से पोषाहार राशि का आवंटन नहीं देने के खिलाफ 10 जुलाई को एकदिवसीय हड़ताल करते हुए काला दिवस मनाने का निर्णय लिया गया और सभी सेविका सहायिका उस दिन काला साड़ी - काला ड्रेस या काला फीता - काला दुपट्टा लगाकर रैली निकाल समाहरणालय पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया. साथ ही 25 जुलाई तक बकाया मानदेय और पोषाहार राशि का भुगतान नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया जाएगा. ऑनलाइन बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि देश आजादी के 75 वर्ष पूरा करके अमृत महोत्सव मना रहा हैं, लेकिन अब भी देश को भूख और कुपोषण से मुक्ति नहीं मिला है. देश के एक तिहाई से अधिक बच्चे बौने, कमजोर और कम वजन के हैं. जिसमें 68 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से पिड़ीत हैं. 2 करोड़ गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और छह साल से कम उम्र के 8 करोड़ बच्चों को मिलने वाली समग्र देखभाल में वृद्धि हुई है.

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पौधरोपण कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजूकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में वन महोत्सव सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड तथा महाविद्यालय के प्रांगण में फलदार एवं औषधि पौधों का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.डा. बी.सी. स्वेन ने महाविद्यालय में पौधा रोपण किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं तथा ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधों का महत्वपूर्ण योगदान है। हमें पृथ्वी की जलवायु को संतुलित रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। वन होगा तभी जीवन होगा । कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने कहा कि वन हम सभी के जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पेड़ -पौधे ही हमें आक्सीजन प्रदान करते है। कार्यक्रम में बी.एड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षु उमेश कुमार दांगी , रंजीत कुमार एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ मृदुला भगत, मनीष कुमार पासवान, खुशबू सिन्हा, संजीत कुमार सिंह, चुन्नू कुमार, नीरज कुमार तथा सुचित कुमार एवं ग्रामीणवासी गंगा देवी, पुष्पा देवी, सोनिया देवी ,कांति देवी, शांति देवी, धनेश्वरी देवी,रेशमी देवी, कविता देवी,जॉन मुर्मू ,दिनेश दिलीप मुर्मू आदि उपस्थित थे।




### विस एसटी-एससी अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति पहुंची सिमडेगा

# लंबित मुआवजा राशि को ससमय वितरण सुनिश्चित कराएं : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधानसभा की एसटीएससी अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति गुरुवार को सिमडेगा परिसदन पहुंची जहां पर अधिकारियों के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया समिति में सभापति के रूप में विधायक लोबिन हेम्ब्रम एवं सदस्य विधायक कोचे मुंडा एवं कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी के संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। सभापति ने वन प्रमंडल विभाग द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एनएच 143 के सड़क किनारे सूखे पेड़ की कटाई से संबंधित जानकारी सूखे पेड़ की कटाई करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की बात कहीं। वर्तमान में वन विभाग द्वारा पौधारोपण कार्य में क्या-क्या पेड़ लगाया जा रहा जिसकी जानकारी ली। जंगल में बनाए जा रहे चेकडैम के निर्माण कार्य की भी जानकारी ली। हाथी द्वारा किसानों का फसल क्षति की लंबित मुआवजा राशि को ससमय वितरण सुनिश्चित कराने को कहा। कल्याण विभाग के अंतर्गत छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा की। मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत प्राप्त आवंटन राशि की जानकारी लिया। साथ ही जिले में संचालित छात्रावासों में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने की बात कहीं।प्राकृतिक आपदा से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा किया। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021- 22 में 57 लाभुकों के बीच लगभग 13 करोड़ से अधिक की राशि का लाभ मुहैया कराया गया है। और वित्तीय वर्ष 2022-23 में 109 लाभुकों के बीच लगभग 6 करोड़ राशि का स्वीकृति देते हुए वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि वज्रपात से संबंधित मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को 4 लाख रुपए मुआवजा राशि दिया जाता है। वज्रपात, सांप दंत, हाथी आक्रमण, एवं अन्य अबला से संबंधित घटनाओं का लोकल नागपुरी भाषा में प्रचार रथ के माध्यम से जिले के सुदूरवर्ती गांव तक प्रचार प्रसार करने हेतु जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। ग्रामीण विकास की समीक्षा कर मुख्यमंत्री ग्राम शेती योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा की। लंबे समय से चल रहे निर्माण कार्यों को ससमय में पूर्ण कराने का निर्देश दिया।सभापति द्वारा विद्युत विभाग से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि विद्युत बिल से संबंधित ग्रामीणों का कई सारी शिकायत प्राप्त है। उन्होंने एक व्यक्ति का डबल बिल तथा बिना कनेक्शन के बिल प्राप्त हो रहा है उसके साथ 100 यूनिट विद्युत माफ, उपभोक्ताओं को लाभ दिया जाना है जिसका डाटा तैयार कर उपलब्ध कराने को कहा।

# झारखंड पार्टी ने किया ग्रामीणों के साथ बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड केघुटबहार बडिंगटोली गांव में गुरुवार को झारखंड पार्टी के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मतीयस बागे के द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का,झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का प्रखंड सचिव जोलेन लुगून मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया इस दौरान पूर्व मंत्री ने उन्हें कहा कि 14 वर्षो के लंबे वनवास के बाद आपका बेटा आप लोगों के बीच फिर से एक बार सेवा करने के लिए पहुंचा है इसलिए आप निश्चिंत रहें जो इस क्षेत्र के वर्तमान विधायक और सांसद आपके लिए नहीं कर रहे हैं वह काम झारखंड पार्टी करेगी क्योंकि यह माटी की पार्टी है और माटी की पार्टी होने के साथ-साथ आप की जमीनी तकलीफ और दुखों को अच्छे से जानती है इसलिए इस बार चुनाव में इनके बहकावे में नहीं आना है भाजपा और कांग्रेस सिर्फ लोगों को लड़ाने का काम करती है और वोट लेती है और वोट लेने के बाद भूल जाती है इसलिए झारखंड पार्टी का सहयोग करें। झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि नई सोच और जोश के साथ काम करना है। इसके लिए सभी लोगों का सहयोग चाहिए आप सभी क्षेत्र में झारखंड पार्टी का सहयोग करें पार्टी आपके लिए दिन रात काम करने के लिए तैयार है इस मौके पर पंचायत महिला समिति का गठन किया गया जिसमें संध्या बडिंग अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष सुमन लुगुन का चुनाव किया गया साथ ही जल्द ही इसका विस्तार करने के निर्देश दिए।मौके पर अधीन लुगून, संध्या डाँग, आंकित सुरीन,रसाल खलखो आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

# कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य से दिलीप तिर्की ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कांग्रेस इंटक नेता दिलीप तिर्की अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकरणी सदस्य एवं केकेसी के नेशनल वाईस चेयरमैन संजय गावा एवं केकेसी के प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडे से मुलाकात कर सिमडेगा के राजनैतिक स्थितियों के साथ क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा किया ।जिसमे उन्होंने क्षेत्र के मनरेगा, संगठित एवं असंगठित मजदूरों की तकलीफ सहित कई समस्याओं को उनके समक्ष रखा। जमीनी जनता के मुद्दों को बताया और कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे गंभीर मुद्दों पर भी बात करे ताकि सुदूर क्षेत्र के गरीब लोगों को लाभ मिले जो कांग्रेस की तरफ उम्मीद की नजरें लगाए बैठे हैं। दिलीप ने यह भी बताया कि सुदूर इलाकों में आज भी लोग असुविधाजनक जनजीवन जी रहे जिसे देखने पर लगता है, जैसे इनके लिए आजादी का कोई महत्व ही नही।

# झामुमो ने एमपी के मुख्यमंत्री का फूंका पुतला



**सिमडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा के बैनर तले गुरुवार की शाम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की गई कार्यक्रम की अगुवाई जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना के द्वारा किया गया इस मौके पर उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा मध्य प्रदेश के सीधी में आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब करना भाजपा के कुकृत्य, चाल, चरित्र और चेहरे को उजागर करता है मध्य प्रदेश में घटित इस घटना को लेकर सिमडेगा जिला के आदिवासी समुदाय में आक्रोश ब्याप्त है। और इसका यहां की आदिवासी जनता आने वाले चुनाव में देगी।मौके पर पुतला दहन कार्यक्रम के माध्यम से झामुमो ये सन्देश देना चाह रही है कि इस कुकृत्य के खिलाफ झामुमो पूरी तरह से आदिवासी समाज के साथ है 'पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना, जिला सचिव सफीक खान, पूर्व विधायक सह केंद्रीय समिति सदस्य बसंत लोंगा, मोशाहिद, राकेश लकड़ा, फिरोज अली, जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा जिला सगठन सचिव बिपिन कुल्लू, जिला सयुंक्त सचिव सिकंदर बरवा, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष आशिसान बिलुग, उपाध्यक्ष अंशीला तोपनो, संध्या बाड़ा, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील सुरीन, जोन लकड़ा, रायमोंन बा,मो सिकंदर संदीप मिंज, बीरबल महतो, मो इरसाद, सुमन मिंज जोनपॉल चेचकचेला, विकास कंडुलना माइकल इंदवार, मोअनस मो मकसूद, रुफी के अलावे भारी संख्या में कार्य कर्ता उपस्थित थे।

# ड्रॉपआउट बच्चों का कस्तूरबा में हुआ नामांकन



**कोलेबिरा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार के विशेष पहल पर प्रखंड क्षेत्र के ड्रॉपआउट बच्चों को फिर से स्कूल जोड़ने के लिए प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं शिक्षा विभाग के द्वारा पहल की जा रही है। इसके तहत प्रखंड के अलग-अलग गांव में विद्यालय से ड्रॉपआउट हो चुके बच्चों के लिए विशेष प्रयास किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रखंड के सभी गांवों को जीरो ड्रॉपआउट करने के उद्देश्य से नामांकन अभियान चलाया जा रहा है ।जिसके तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरधा टोली राजस्व ग्राम के पोषक क्षेत्र के बूटीटोगरी गांव के 6 बच्चियों का पुनः स्कूल से जोड़ा गया ।इस नामांकन के लिए प्रभारी प्रधानअध्यपक अथक प्रयास रहा स्कूल छोड़ चुके बच्चों के अभिभावक को प्रेरित किया गया। फलस्वरूप कस्तूरबा विद्यालय में इनका नामांकन किया गया। यह बच्चे आगे अपनी पढ़ाई करने को लेकर उत्साहित हैं।इस मौके पर विद्यालय प्रभारी सच्चिदानंद कुमार बी. पी. एम विकास कुमार कस्तूरबा विद्यालय शिक्षिकाएं एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन कीर्ति राज साहू उपस्थित थे।

# बानो से 55 कांवरियों का जत्था देवघर रवाना



**बानो ।** श्रावण माह के पहले सोमवार को लेकर गुरुवार को बानो से 55 कांवरियों की संख्या में एक जत्था देवघर रवाना, सावन के प्रथम सोमवारी को करेंगे जलाभिषेक,प्रत्येक साल की भांति इस साल भी बानो से कांवरियों का एक जत्था बाबा धाम जल चढ़ाने के लिए रवाना हुआ। इस दौरान भक्ति से ओतप्रोत श्रद्धालुओं ने जमकर जयकारा किया। जाने से से पूर्व शिव भक्तों के द्वारा बानो स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना किया गया। बोल बम का जयघोष करते हुए बाबा धाम देवघर की यात्रा पर आगे बड़े ।जत्थे में कुल 55 शिव भक्त शामिल हैं। जिसमें महिला एवं पुरुष है। शामिल शिवभक्तों का समूह सुल्तानगंज से जल लेकर पैदल बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना होंगे। जत्थे में ,राजु मांझी, पवन साहु, अर्जुन साहु, पलटू सिंह, अर्जुन साव, संकर नयक, गोपाल कुमार , अक्षय शुक्ला, रतन साहु,प्रकाश सोनी, सनातन पंडा, कांति देवी,कलावती देवी, पूनम राय, करमी देवी,राजन नायक, मोहन प्रधान,नकुल साहु एवं अन्य लोग शामिल है।

**स्वागत** | पाकरटांड़ के केंउंदडीह बाजार में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने ग्रामीणों की सुनी समस्या

# क्षेत्र में आज भी बिजली की समस्या चरम पर : एनोस

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पाकरटांड प्रखंड के केंउंदडीह बाजारटांड गांव में गुरुवार को पूर्व मंत्री एनोस एक्का के द्वारा ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुनने के लिए विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में आज भी बिजली की समस्या चरम पर है इसके अलावा पानी तथा सड़क एवं मूलभूत सुविधा जो अब तक हमें प्राप्त नहीं हुए इन सभी को सुनने वाला कोई नहीं गांव में आज भी लोग आवास पेंशन राशन कार्ड सहित कई जटिल समस्याओं से घिरे हुए लेकिन इन समस्याओं का निदान नहीं हो रहा है। मौके पर ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद पूर्व मंत्री ने कहा लंबे समय से इस क्षेत्र के लोगों को यहां के जनप्रतिनिधियों ने छलने का काम किया है चाहे भाजपा हो या कांग्रेस हो सभी लोगों ने यहां के लोगों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है और जब सुविधा देने की बात हो तो मुंह मोड़ लिया है लेकिन अब झारखंड पार्टी क्षेत्र का जो भी समस्या है उसे दूर करने का प्रयास करेगी इसके लिए आप सभी को सहयोग करना है इस मौके पर उनकी समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया गया। इधर बैठक से पूर्व ग्रामीणों के द्वारा पूर्व मंत्री का पारंपरिक तरीके से पूरे ढोल नगाड़े के साथ स्वागत करते हुए उन्हें बैठक का स्थल तक ले जाया गया जहां पर माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया ।मौके पर केलेमेट कच्छप,जतान कच्छप,सिलबिना कच्छप,महिमा कुल्लु,नेमि कुल्लु, रैक्युवार कुल्लु, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।



# बुरे कर्म का फल बुरा ही होता है, यही मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**





पाल्हे जतपुरा ग्राम में प्रवचन करते हुए जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि बुरा कर्म का फल बुरा ही होता है। मनुष्य को कर्म करने में सतर्कता बरतनी चाहिये। बुरे कर्मों से बचना चाहिये। बुरा कर्म ही मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। जैसा कर्म करेंगे वैसा फल मिलना निश्चित है। इसलिए किसी भी प्राणी को बुरा कर्म नहीं करना चाहिए। किसी भी निर्दोष जीवों को मारकर खाना बहुत ही बड़ा पाप है। किसी भी जीव को मारकर खाने का किसी भी मनुष्य का कोई अधिकार नहीं है। मनुष्य कुछ पल के लिए जिह्वा के स्वाद के लिए प्राणियों को मारकर खा जाता है। यह बहुत ही बड़ा अपराध है। इससे बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि तीर्थ करने से भी बड़ा फल संत दर्शन का होता है। तीर्थ करें फल एक है संत मिले फल चार। पूर्व जन्म का जब पुण्य ईकट्ठा होता है तो संत का दर्शन होता है। संत के दर्शन मात्र से बड़ी से बड़ी बाधाएं टल जाती है। मनुष्य को संसार में रहते हुए और संसार में जीविकोपार्जन के लिए कार्य करते हुए ईश्वर में ध्यान लगाते रहना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप का स्मरण करने से पापों से मुक्ति मिल जाती है। श्री कृष्ण के बाल लीलाओं को सुनने से मनुष्य ईश्वर को प्राप्त कर लेता है। सभी देवी देवता भी कृष्ण के बाल रूप का स्मरण करते रहते हैं। जब भी समय मिले नित्य प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करते रहना चाहिए। भागवत कथा का पाठ करते रहना चाहिए। जिस घर में भागवत कथा का पाठ होता हो उस घर में लक्ष्मी का आगमन हो जाता है और घर में प्रायः शांति स्थापित रखती है। मनुष्य को इस बात पर हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि हमसे किसी भी दूसरे मनुष्य को कोई परेशानी ना हो। कोई कष्ट ना हो। उन्होंने कहा कि बेवजह पेड़ पौधे को नहीं काटना चाहिए यह दिन रात हमें प्राणवायु ऑक्सीजन उपलब्ध कराते रहते हैं।

## कार्यकारणी सदस्यों ने लगाया गलत तरीके से राशि निकालने का आरोप

# गरबांध पंचायत की मुखिया के विरुद्ध बीडीओ को दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



प्रखंड के गरबांध पंचायत के उप मुखिया पार्वती देवी के नेतृत्व में वार्ड सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम को मुखिया के खिलाफ आवेदन देकर 15वें वित्त से गलत तरीके से राशि निकालने का आरोप लगाया। आवेदन में वार्ड सदस्यों ने लिखा है कि मुखिया सिविस्टयानी देवी के द्वारा कार्यकारिणी में लिये गए योजना को बदल देती है। मन के मुताबिक योजना का चयन कर कंप्यूटर पर लोड करवा देती है जिससे मुखिया अपने मन-मानी कार्य कर सकें।

बीडीओ को दिए गए आवेदन में साफ तौर पर लिखा गया है कि पूर्व के कार्यकारिणी में लिया गया योजना को हटाकर राजा तालाब के पास पूर्व में पीएचडी के पाइप बांध में लगाया गया था। जबकि मुखिया ने उसी को दिखाकर एक लाख रुपये की योजना पास कर दी। ब्राह्मणी भुइयां टोला में पीएचडी से प्रधानमंत्री नल जल योजना से 40 घरों में पाइप बिछाया गया। फिर भी मुखिया ने उसी चापाकल में 15वें वित्त से सोलर जल मीनार लगाकर राशि दुरुपयोग करते हुए गलत ढंग से राशि का निकासी कर ली। आवेदन में यह भी लिखा है कि नल जल योजना में भी अपनी मनमर्जी की गई है और हम सभी वार्ड सदस्यों को मुखिया द्वारा यह कहा गया कि तुम लोग मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते हो। पंचायत का मालिक मैं हूं। सदस्यों द्वारा कहा गया है कि मनरेगा में भी मुखिया द्वारा एक दलाल रख लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मास्टर रोल पर एक हजार रुपये लिए जाते हैं। मनरेगा से किसी भी योजना की कोड कराने के लिए बोलते हैं तो प्रत्येक कोड पर दो हजार रुपये मांगे जाते हैं। इसकी शिकायत पूर्व में प्रखंडकार्यालय में की गई है, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि हम सभी वार्ड सदस्य कार्य योजना जो देते हैं उसको मुखिया द्वारा बदल दिया जाता हैं। अपने मुताबिक योजना कंप्यूटर पर लोड करवा दी जाती है। इसी कारण हम सभी वार्ड सदस्य कार्यकारिणी की बैठक का विरोध कर रहे हैं। सदस्यों ने आवेदन में लिखा है कि जब तक मुखिया पर कार्रवाई नहीं होगी कार्यकारिणी की बैठक में भाग नहीं लेंगे।

## मुंह में बम फटने से गाय की तड़प-तड़प कर मौत

**गढ़वा।** शहर थाने के चिरौंजिया गांव में एक बछिया गाय के मुंह में बम फटने से उसका पूरा जबड़ा उड़ गया। घटना के थोड़ी देर बाद ही घायल गाय ने तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि गांव के कुछ लोगों द्वारा पहाड़ के नीचे कुछ स्थानों पर जंगली सूअर मारने के लिए बम को रख दिया जाता है। उक्त घटना इसी का परिणाम बताया जा रहा है। गाय के मालिक हरिद्वार यादव ने इस संबंध में गढ़वा थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर के लिए आवेदन दिया है। हरिद्वार यादव ने अपने आवेदन में लिखा है कि मंगलवार को 3 बजे दिन में बेवराटांड़ अरंगी पहाड़ के पास चर रही अपनी काली रंग की बछिया को लेने जा रहे थे तभी अचानक बम धमाके की आवाज सुनाई दी। गाय दौड़ती हुई उनकी ओर आ रही है। उसका जबड़ा बम धमाके से चिथड़ा चिथड़ा हो गया।

## वज्रपात की चपेट में आने से अधेड़ महिला जख्मी



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा प्रखंड अंतर्गत अरू पंचायत के कल्हेपाट डीपा टोली स्थित खेत में कार्य करने के दौरान डीपा टोली निवासी स्वर्गीय हौआ महतो की 58 वर्षीय पत्नी रुक्मणि देवी वज्रपात से घायल हो गई। घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही ग्रामीणों के सहयोग से सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक डॉ. अनुज रौशन की निगरानी में प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। वहीं घायल अधेड़ महिला रुक्मणि देवी के पुत्र कमलेश यादव ने बताया कि मेरी मां बकरी चराने गई हुई थी कि अचानक मौसम खराब हुआ तो घर आ रही थी। उसी दौरान हल्की बारिश के साथ तेज गर्जन के साथ वज्रपात हुआ जिसके चपेट में आने से घायल हो गई। वहीं डॉ. अनुज रौशन ने इलाज के पश्चात खतरा से बाहर होने की बात बताते हुए बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया।

## वन विभाग व बगडू पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता

# दो चौपहल व 25 चौखट जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



सेन्हा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र के बॉर्डर में अवैध रूप से धड़ल्ले से जंगल कटाई का कार्य बड़े पैमाने पर सुदुर्वर्ती पहाड़ी क्षेत्र में जारी है। वहीं पेड़ कटाई कर चरहु में साल का बोटा चिराई किए जाने की गुप्त सूचना वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार को प्राप्त हुआ था। इसके आधार पर त्वरित कारवाई करते हुए टीम गठित कर पुलिस प्रशासन की संयुक्त पहल से चरहु गांव में वन विभाग की टीम और बगडू थाना प्रभारी द्वारा छापेमारी की गई। इसमें 2 पीस साल का चौपहल और लगभग 25 पीस साल का चौखट जब्त किये गये। चौपहल एवं चौखट जब्त करने के पूर्व सरकारी कार्य में किसी व्यक्ति के इशारे पर महिलाएं टीम के साथ उलझ गई और छापेमारी में बाधा पहुंचाने का प्रयास किया। वन विभाग की टीम ने इसकी सूचना डीएफओ अरविंद कुमार को दी। साथ ही बगडू थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा भी दलबल के साथ मौजूद थे। उनके लाख समझाने के बावजूद कारवाई पर रोक लगाने का प्रयास किया गया, परंतु पुलिस प्रशासन सभी को चिन्हित करते हुए इमारती लकड़ी को जब्त करने में सफलता प्राप्त की। साथ ही जिसके इशारे पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का कार्य जिन लोगों द्वारा किया गया है उसके विरुद्ध करवाई की जायेगी। बताया जाता है कि चरहु ग्राम में मंसूर अंसारी के घर के बाहर साल के बोटा का चिराई काम चल रहा था। कुछ चौखट घर के अंदर रूम में बंद कर रखा गया था। इसको जब्त करने के लिए घर का ताला खोलने के लिए बोला गया तो प्रशासन से लोग उलझ गए। फिलहाल मंसूर अंसारी के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 के धारा 33 एवं 42 के तहत कारवाई की जाएगी। इसके अलावे उन सभी पर भी कारवाई की जाएगी जो प्रशासनिक कारवाई में ग्रामीणों द्वारा रेड को रोकने तथा माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा था। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन क्षेत्र पदाधिकारी और थाना प्रभारी की सूझ-बूझ एवं कड़ी मशक्कत के बाद सफलता पूर्वक मंसूर अंसारी के घर से अवैध साल लकड़ी को बरामद किया गया। छापेमारी टीम में रेंजर अरुण कुमार, वनपाल जाया उरांव, वनरक्षी रवि विमल मिंज, रमेश भगत, गौतम राम, किशोर नंद कुमार, प्रदीप साहू, सुमित लकड़ा तथा बगडू थाना प्रभारी पंकज शर्मा, महिला पुलिस बल, मोटरसाइकिल दस्ता सहित होमगार्ड के जवान शामिल थे।

## संकट भवनाथपुर बाजार क्षेत्र में बिजली समस्या हुई गंभीर

# व्यवसायियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**




क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बिजली की समस्या गंभीर होती जा रही है। कहीं तार गिर जा रहा है तो कहीं ट्रांसफार्मर जल जा रहे हैं जो बिजली विभाग की लचर व्यवस्था को प्रदर्शित करता है। इस संदर्भ में भवनाथपुर व्यावसायिक संघ के सदस्यगण सहायक विद्युत अभियंता दीपक कुमार से मिलने उनके कार्यालय श्री बंशीधर नगर पहुंचे लेकिन वह अपने कार्यालय से अनुपस्थित थे। भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने मोबाइल के माध्यम से सहायक विद्युत अभियंता दीपक कुमार से बात कर भवनाथपुर बाजार क्षेत्र में हो रहे बिजली की परेशानी प्रमुखता से रखी। इस पर दीपक कुमार ने कारवाई करने की बात कही। इसके बाद अनुमंडल कार्यालय बिजली विभाग को आवेदन देकर भवनाथपुर के शहरी फीडर को अलग करने, सभी जर्जर पोल- तार को अतिशीघ्र बदलने, वन विभाग चेक नाका स्थित ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने अथवा बदलने एवं कस्तूरबा विद्यालय ढेकुलिया स्थित जला हुआ ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग रखी। साथ ही कड़े शब्दों में कहा कि अगर यह सभी काम अति शीघ्र नहीं किया गया तो भवनाथपुर व्यवसायिक संघ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। आपको बताते चलें कि शहरी फीडर अलग करने की मांग पिछले 10 वर्षों से चली आ रही है तथा इससे पूर्व भवनाथपुर बाजार बंद भी किया गया था। इसके बाद अधिकारियों द्वारा शहरी फीडर अलग करना की बात कही गई थी। बावजूद इसके इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी और आए दिन फाल्ट होने की शिकायत मिलती रहती है। मौके पर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष नीतीश कुमार, सचिव नवल किशोर प्रसाद, संजय गुप्ता, शंकर गुप्ता, आफताब अंसारी, मुन्नू उपाध्याय मौजूद थे।

# दिव्यांगता जांच शिविर का डीसी ने किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सदर अस्पताल में गुरुवार को आयोजित दिव्यांगता जांच शिविर का उपायुक्त शेखर जमुआर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार एवं उपाधीक्षक डॉ. अवधेश सिंह समेत सभी चिकित्सकों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने को लेकर निर्देश दिए। उपायुक्त कई दिव्यांग लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए। दिव्यांग लोगों को उनकी समस्याओं के निष्पादन का आश्वासन दिया। जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दिव्यांगता जांच शिविर के आयोजन के लिए पहले से ही तिथि निर्धारित कर दी गई है। सदर अस्पताल में पांच एवं छह जुलाई को दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल में 7 एवं 8 जुलाई, ट्रामा सेंटर श्रीबंशीधर नगर में 10 एवं 11 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुरकी में 12 एवं 13 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में 14 एवं 15 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझिआंव में 17 एवं 18 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका में 19 एवं 20 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया में 21 एवं 22 जुलाई 2023 को दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक शिविर के पहले दिन दिव्यांग लोगों का आनलाइन पंजीकरण किया जाना है, जबकि दूसरे दिन जांच की जाएगी। मौके पर सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत, स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह, जिला मलेरिया पदाधिकारी डा. दिनेश कुमार सिंह, सदर अस्पताल के चिकित्सक डा.राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### पंचायत समिति की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा

**मेराल।** प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रमुख दीपमाला कुमारी की अध्यक्षता में की गई। इसमें सर्वप्रथम प्रमुख दीपमाला ने अवैध बालू कारोबार एवं आवैध उत्खनन से संबंधित मामला उठाया। इस पर तत्काल थाना प्रभारी एवं अंचलाधिकारी को रोक लगाने का निर्देश दिया गया। इसी तरह मेराल प्रखंड क्षेत्र दुलदुलवा एवं प्रखंड क्षेत्र के अन्य गांव में काफी पैमाने पर महुआ शराब निर्माण पर रोक लगाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में बीडीओ अंचलाधिकारी निकिता बाला, उप प्रमुख निजामुद्दीन खां, सहायक चिकित्सक डॉक्टर सुशांत कुमार, सहायक हुमायूं कबीर, प्रखंड सहायक सुनील कुमार, रिजवान अख्तर, पीएचडी विभाग के कोऑर्डिनेटर नौशाद खान, पंचायत कोर्डिनेटर रश्मि लाकड़ा, आवास कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार, बीटीएम प्रवीन कुमार, गोदाम प्रबंधक सतीश कुमार सिंह, मेराल थाना प्रभारी नीतीश कुमार आदि मौजूद थे।

### किसानों के बीच उन्नत किस्म के बीज वितरण

**चिनिया।** ग्राम पंचायत हेताड़कला के कठौतिया गांव में गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी शशि कुमार के द्वारा झारखंड राज्य जल छाजन मिशन ग्रामीण विकास विभाग योजना के तहत लगभग डेढ़ सौ किसानों के बीच अनुदान पर उन्नत किस्म के धान बीज का वितरण किया गया। मौके पर किसान विशेश्वर कोरवा, रामस्वरूप कोरवा, पृथ्वी कोरवा, रामसकल कोरवा, श्यामदेव कोरवा इत्यादि ने इस पर खुशी जताई। मौके पर जल छाजन विकास दल के जैनेंद्र कुमार, अंचन अमूल्या तिगा, मृत्युंजय कुमार, जेई राजू रंजन, बीडीसी कलावती कुंवर, अध्यक्ष गुड्डू यादव आदि उपस्थित थे।

### भंडरिया पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**भंडरिया।** भंडरिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर संजय कुमार खाखा के नेतृत्व में भंडरिया गोदरमाना मुख्य मार्ग स्थित सुखीखेती के समीप दुपहिया वाहन की जांच की गई। जांच अभियान में मोटरसाइकिल चालक को हेलमेट लगाने व यातायात के नियम को पालन करने का निर्देश दिया। साथ हीं ट्रिपल लोड, बिना हेलमेट लगाकर चला रहे मोटरसाइकिल चालकों के गाड़ी नंबर सूचीबद्ध कर आधा दर्जन दो वाहन जब्त किये गये। अभियान में सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार महतो आदि शामिल थे।

### गोष्ठी में किसानों को दी गई विभिन्न जानकारी

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के कधवन ग्राम में गुरुवार को एग्री क्लिनिक सेंटर कार्यान्यवन संस्थान भारतीय लोक कल्याण संस्थान द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रखंड समन्वयक सरोज सोनकर ने महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मिट्टी जांच, बीज उपचार, उर्वरक की शुद्धता जांच, फसल रोग हेतु उपचार विधि, खरीफ फसल खेती की जानकारी, जैविक खेती, आधुनिक खेती, उद्यान विभाग की सरकारी योजना-राज्य उद्यान विकास योजना की जानकारी विस्तार से दी। मौके पर सबिता देवी, मायावती देवी, प्रमिला देवी, इंद्रावती देवी, खुशबुन बीबी, अफसाना बीबी, रैतुन बीबी, रेहाना बीबी, जुलेखा बीबी, मोकिमा बीबी, असरून खातुन, शबनम खातुन, फजीलत खातुन, सबीना खातुन आदि उपस्थित थे।

### रांची के धरने में जिले के जनसेवकों ने लिया भाग

**गढ़वा।** झारखंड राज्य जन सेवक संघ के प्रांतीय कमेटी के आह्वान पर नेपाल हाउस रांची के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना कार्यक्रम में गुरुवार को गढ़वा जिले के जनसेवकों ने भाग लिया। रोस्टर के अनुसार गढ़वा, पलामू, लातेहार, गुमला एवं लोहरदगा जिले के लगभग 400 जनसेवकों ने धरना कार्यक्रम में उपस्थित होकर सरकार एवं विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि हड़ताल के 59 दिन हो गए हैं और सरकार अथवा विभाग के द्वारा कोई भी औपचारिक वार्ता संघ के पदाधिकारियों के साथ नहीं किया जाना सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। मौके पर गढ़वा जिला जन सेवक संघ के अध्यक्ष शाहिद अंसारी, परमानंद प्रसाद, अजीत कुमार सिंह, ज्ञान केसरी, भागीरथी रवि, श्रीकांत उपाध्याय, ओमप्रकाश सिंह, प्रवीण दुबे, पंकज कुमार तिवारी, कमलेश करवा आदि जनसेवक उपस्थित थे।

### शिव मंदिर में किया गया रुद्राभिषेक व हवन

**मेराल।** पवित्र श्रावण मास के दूसरे दिन मेराल देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत अपने परिवार के सदस्यों के साथ प्रखंड मुख्यालय के सरस्वतीया नदी छठ घाट स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक व हवन किया। पुरोहित पंडित दिनेश पाठक एवं कमलेश बैद्य के द्वारा रुद्राभिषेक कार्यक्रम संपन्न कराया गया। अनुष्ठान में मुखिया रामसागर महतो, प्रेमचंद प्रसाद, अंबिका यादव, राजेंद्र प्रसाद, समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता, मुन्ना राम, विनोद प्रसाद, वासुदेव शर्मा, रामेश्वर विश्वकर्मा, महावीर मंडली के महंत मिथिलेश प्रसाद, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, मनोज कुमार जायसवाल, देवेंद्र शर्मा, राज बिहारी पटवा, रामजी ठाकुर, सोहराई प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, देव कुमार जायसवाल, प्रमोद महाजन, सुनील कुमार कालिया, राहुल कुमार मल्होत्रा, सत्यम कुमार मल्होत्रा, अर्पित मल्होत्रा, बिरझन राम सहित महिला पुरुष व बच्चे शामिल थे।

### शिक्षक के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**मेराल।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ जिला गढ़वा के तत्वावधान में दिवंगत शिक्षक एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ के जिला संयुक्त सचिव सुर्यदेव राम के आकस्मिक निधन पर संघ के अध्यक्ष रघुराई राम की अध्यक्षता में अशोक विहार गढ़वा स्थित सूर्यदेव राम के आवास पर श्रंद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रंद्धांजलि सभा में शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। विदित हो कि विगत 3 जुलाई 2023 को हृदय गति रुक से सूर्य देव राम आकस्मिक मृत्यु हो गई। सुर्यदेव राम मध्य विद्यालय मदगड़ी में पदस्थापित थे। श्रद्धांजलि सभा में शिक्षक नेता अशर्फी राम, बृजकिशोर राम, कमलेश पासवान, श्रवण राम, विनोद राम, राम भरत, राजदेव राम, बालगोविंद भगत, जगरनाथ राम आदि उपस्थित रहे।

# पलामू व अपराध

*झारखण्ड* के जेलों से अपराधियों का चल रहा खेल अब रोचक मोड़ पर आ गया है। कभी दोस्ती, कभी दुश्मनी और फिर मेल का यह सिलसिला जारी है। राज्य के अलग -अलग जेलों में बंद दो कुख्यात अपराधी गिरोहो के बीच यह खेल चल रहा है। पुलीसिया महकमे से जो खबरें छनकर बाहर आई है, उसमे कहा जा रहा है कि राज्य के दो कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा और अमन साव के गिरोह एक हो गये हैं। इन दोनों गैंगस्टरो को एक साथ करने में पलामू के एक कुख्यात शूटर हरि तिवारी कि खास भूमिका रही है। पलामू जहां अपराध के लिए कुख्यात है,वहीं यहां के अन्नमय कोष की धरती काफी उर्वरा है। यहां की कोख से निकले लोग देश और विदेश में अपने नाम का डंका बजा रहे हैं। कभी उग्रवाद के नाम पर तो कभी अपराध के नाम पर यह जिला चर्चा में रहा है। पलामू निवासी और मास्टर मांइड हरि तिवारी सुजीत और अमन दोनों के लिए काम करता रहा है। फिलहाल कुख्यात सुजीत सिन्हा खुंटी तो अमन साव चाईबासा जेल में कैद हैं, वहीं शूटर हरि तिवारी हजारीबाग जेल में बंद है। बताया जाता है पुलिस को जांच में कई ऐसे तथ्य मिले हैं जिसकी बिना पर उक्त दोनों अपराधी गिरोहों के एक होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जाता है कि हाल के दिनों में पलामू में एनएच 98 के निर्माण के काम कर रहे शिवाल्या कंस्ट्राक्शन कम्पनी के साईट पर अपराधियों ने गोली चलाई थी। इसमें एक लेबर ठेकेदार के पैर में गोली लगी थी। इस घटना की तफसीस कर रही पुलिस के हत्थे रांची का एक अपराधी जीशान शेख ऊर्फ रिक्की खान चढ़ा था.। इसने पुलिस के सामने उक्त गैंगस्टरों के कई राज उगले है। इसके मोबाइल से भी पुलिस को कई जानकारी मिली है। पुलिस को जांच में यह भी पता चला है कि शिवाल्या के साईट पर गोलीबारी में हरि तिवारी कि भूमिका रही है। पलामू का कुख्यात शूटर हरि तिवारी पहले सुजीत सिन्हा के लिए काम करता था, बाद में अमन साव के लिए काम करने लगा। शिवाल्या के साईट पर रंगदारी के लिए सुजीत सिन्हा गिरोह ने हमला किया था। पलामू के एसपी चंदन सिन्हा ने भी गिरफ्तार रिक्की खान के कन्फेसन और अन्य पुलिस जांच के आधार पर अमन साव और सुजीत सिन्हा गिरोह के एक होने की आशंका की खबरों से इनकार नहीं किया है। बता दें कि कुख्यात सुजीत सिन्हा और शूटर हरि तिवारी दोनों मेदिनीनगर के रेड़मा, बारालोटा के मूल निवासी हैं। पुलिस के अनुसार सुजीत सिन्हा के खिलाफ पलामू में 32 एवं हरि तिवारी के खिलाफ 20से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं अमन साव के खिलाफ राज्य के अलग अलग इलाके में 90से अधिक मामले दर्ज होने कि बात कही जा रही है। ऐसे में समझा जा सकता है कि इस नेटवर्क की कमान पलामू है। वैसे इस धरती पर कभी स्व.विनोद सिंह,भरदुल उपाध्याय की अपराध की दुनिया में तूती बोलती थी। समयाअंतराल के बाद चेहरे बदलते रहे हैं,लेकिन अपराध की दुनिया में यहां का नाम राज्य और देश में उजागर होता रहा है। हरि तिवारी के नाम को उसी कड़ी में देखा जा सकता है। बहरहाल अपराधी कोई भी हो,उसका सफाया जरूरी है। ऐसे लोग समाज और देश के दुश्मन होते हैं। पुलिस प्रशासन को पलामू के दुर्दांत अपराधियों पर सख्ती से पेश आकर कई राजों को उगलवाना चाहिए। निश्चित तौर पर कई जानकारियां सामने आयेगीं।

**पलामू जहां अपराध के लिए कुख्यात है,वहीं यहां के अन्नमय कोष की धरती काफी उर्वरा है। यहां की कोख से निकले लोग देश और विदेश में अपने नाम का डंका बजा रहे हैं।**

# चातुर्मास : व्यक्ति, परिवार, समाज व राष्ट्र निर्माण की अवधि





रमेश शर्मा

*भारतीय* वाड्मय में चातुर्मास का विशेष महत्व है। यह अवधि आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी से आरंभ होकर कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की एकादशी तक पूरे चार माह रहती है। मान्यता है कि इस अवधि में भगवान नारायण पाताल लोक में विश्राम करते हैं इसलिये कोई शुभ काम नहीं होते। लेकिन आश्चर्यजनक पक्ष यह है कि यदि चातुर्मास में देव शयन होता है और कोई पवित्र कार्य नहीं हो सकते तब सनातन परंपरा के सभी बड़े और महत्व पूर्ण त्योहार जैसे गुरु पूर्णिमा, रक्षाबंधन, नागपंचमी, ऋषि पंचमी, गणेशोत्सव, जन्माष्टमी, संतान सप्तमी, करवा चौथ, हरियाली अमावस, पितृपक्ष, नवरात्र, दशहरा, दीवाली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज आदि सभी बड़े त्योहार इसी चार माह की अवधि में ही आते हैं। बड़े त्योहारों में केवल होली है जो इस चतुर्मास की अवधि से बाहर है। यदि कोई शुभ कार्य नहीं हो सकते तो बड़े-बड़े त्योहारों की शृंखला का प्रावधान इसी अवधि में क्यों किया गया है ? इस प्रश्न का उत्तर हमें इन आयोजनों के विश्लेषण में मिल जाता है। चातुर्मासमें जो त्योहार होते हैं, और जिन आयोजन को या कार्यो को निषेध बताया गया है, इन दोनों का विश्लेषण करें तो हम पायेंगे कि वर्जित किये गये सभी आयोजन भले दिखने में सामूहिक लगते हों, उनका आयोजन समूह में होता हो पर वे सभी व्यक्तिगत उत्सव हैं, व्यक्तिगत प्रभाव की स्थापना या प्रदर्शन के आयोजन हैं। इन आयोजनों में समाज या राष्ट्र हित निहित नहीं है। व्यक्ति का हित या व्यक्तित्व के प्रभाव का प्रदर्शन एक बात है और व्यक्ति या व्यक्तित्व का निर्माण बिल्कुल दूसरी बात है। जैसे विवाह, नामकरण, यज्ञोपवीत, नये घर का निर्माण आदि कार्यों में व्यक्ति या परिवार का हित तो होता है संतोष मिलता है, सुख भी मिलता है, व्यक्ति या परिवार का आंतरिक उत्थान नहीं होता। जबकि दूसरी ओर त्योहारों के रूप में जिन आयोजनों का प्रावधान किया गया है वे सब किसी निजीत्व के प्रदर्शन या प्रसन्नता के लिये नहीं अपितु व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के सशक्तिकरण और समृद्धिकरण के निमित्त हैं। उनका उद्देश्य व्यक्ति को तन से, मन से, बुद्धि से और विवेक बल से समृद्ध बनाना है, परिवार को सशक्त बनाना है, समाज को संगठित और उन्नत बनाना है और संपूर्ण राष्ट्र एकता के सूत्र में आबद्ध करना है। त्योहारों के माध्यम से चातुर्मासकी इस अवधि में व्यष्टि से समष्टि तक के एकाकार होने की यात्रा होती है। भारतीय वाड्मय में कोई उत्सव, कोई त्योहार अथवा कोई परंपरा यूं ही नहीं होती। उसके पीछे गहरा अनुसंधान होता है, व्यक्ति, समाज प्रकृति और सृष्टि का अध्ययन होता है। और निष्कर्ष से समाज को एकाकार किया जाता है। चातुर्मासके इन प्रावधानों में मानों शरीर विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, मनोविज्ञान, प्राणी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान ही नहीं अंतरिक्ष विज्ञान के निष्कर्ष को भी समाहित किया गया है। जो बात आधुनिक विज्ञान ने आज कही है उसके निष्कर्ष का क्रियान्वयन भारतीय परंपराओं के प्रचलन अनादि काल से हो रहा है। आधुनिक विज्ञान ने उन्नीसवी और बीसवीं शताब्दी जाना कि मनुष्य सहित चींटी से लेकर हाथी तक संसार के सभी प्राणी एक-दूसरे के पूरक हैं। और सृष्टि की नियामक शक्ति प्रकृति है । प्रकृति से समन्वय और संतुलन बनाकर ही धरती पर जीवन समृद्ध और दीर्घ जीवी होगा। यदि प्रकृति का क्षय होगा तो किसी का जीवन नहीं बचेगा। यह बात भारतीय ऋषियों ने हजारों वर्ष पहले खोज ली थी और इसकी सावधानियां ही इस चातुर्मासके आयोजन में है। इसे अनदेखा करके दुनिया ने विकास के नाम विनाश का मार्ग पकड़ लिया है। विज्ञान का दंभ भरने वाली दुनिया के सामने अब सत्य सामने आया है तो अब मार्ग बदलने की छटपटाहट है। लेकिन भारत ने यह सावधानी और प्रकृति से समन्वय के साथ जीवन के संचालन का प्रावधान सैकड़ों हजारों साल से कर रखा है। चातुर्मासमें होने वाली उत्सव परंपरा में वे सभी सावधानियां हैं जिनमें व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र अपना विकास तो करे पर प्रकृति का संरक्षण भी साथ साथ चले। हम जानते हैं कि प्राणी को भोजन, पानी श्वांस और आरोग्य सब प्रकृति से मिलता है। प्रकृति में जितने पदार्थ जिस अनुपात में हैं वे सब उसी अनुपात में मनुष्य देह के भीतर हैं। और यह सभी पदार्थ पांच तत्वों से बने हैं। ये तत्व धरती, आकाश अग्नि जल और पवन हैं। यदि प्रकृति में इनके अनुपात में परिवर्तन होगा तो इसका प्रभाव प्राणी देह पर भी पड़ता है। इन चार महीने में इन पांच तत्व के अनुपात में परिवर्तन आता है। यदि सावधानी से इस परिवर्तन के अनुरूप स्वयं को सक्षम न किया तो यह अवधि मनुष्य को रोग ग्रस्त बना देगी। चातुर्मासमें भारतीय उत्सवों में न केवल इस अवधि के परिवर्तनों के अनुरूप स्वयं को सक्षम बनाना है अपितु इतना समृद्ध बनाना है कि फिर वर्ष भर तक कोई परिवर्तन व्यथित न कर सकेगा। इन चार माहों की त्योहार परंपरा का नियमन करने पर मनुष्य में शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से सक्षमता तो आती ही है इसके अतिरिक्त उसका दृष्टिकोण सकारात्मक और सद्भाव से भरा होगा। चातुर्मासकी अवधि में उत्सव परंपरा को समझने के लिये तीन विषयों पर ध्यान देना होगा। एक मनुष्य की संरचना का रहस्य, दूसरा प्राणियों एवं वनस्पति का जीवन में उपयोगिता और तीसरा पुराणों में वर्णित कथाओं का संदेश। यदि कथाओं के रहस्य को समझेंगे तो पायेंगे कि उनमें प्रथम दोनों बिंदुओं के निष्कर्ष का समाधान है। इसके लिये हम मनुष्य को समझें। मनुष्य का व्यक्तित्व दो प्रकार का होता है। एक जो दिखाई देता है और दूसरा जो दिखाई नहीं देता। जैसे चेहरा हाथ पैर त्वचा, मांस, हड्डियां, ह्रदय, लीवर किडनी आदि सब देख सकते हैं पर मन, भाव विचार वृत्ति, विवेक, ज्ञान, मेधा, प्राण शक्ति आदि दिखाई नहीं देते। जैसे शरीर के रोग होते हैं वेसे ही मन, प्राण चित्त वृत्ति भाव आदि भी रोग ग्रस्त होते हैं।

**त्योहारों के माध्यम से चतुर्मास की इस अवधि में व्यष्टि से समष्टि तक के एकाकार होने की यात्रा होती है। भारतीय वाड्मय में कोई उत्सव, कोई त्योहार अथवा कोई परंपरा यूं ही नहीं होती।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा

*लीलावती* शारीरिक तथा मानसिक पीड़ाओं से युक्त, भूख और प्यास से दुखी हो अन्न की चिन्ता से दर-दर भटकने लगी। कलावती कन्या भी भोजन के लिए इधर-उधर प्रतिदिन घूमने लगी। एक दिन भूख से पीड़ित कलावती एक ब्राह्मण के घर गयी। वहां जाकर उसने श्रीसत्यनारायण के व्रत-पूजन को देखा। वहां बैठकर उसने कथा सुनी और वरदान मांगा। उसके बाद प्रसाद ग्रहण करके वह कुछ रात होने पर घर गयी। माता ने कलावती कन्या से प्रेमपूर्वक पूछा - पुत्री ! रात में तू कहां रुक गयी थी? तुम्हारे मन में क्या है? कलावती कन्या ने तुरन्त माता से कहा - मां! मैंने एक ब्राह्मण के घर में मनोरथ प्रदान करने वाला व्रत देखा है। कन्या की उस बात को सुनकर वह वणिक की भार्या व्रत करने को उद्यत हुई और प्रसन्न मन से उस साध्वी ने बन्धु-बान्धवों के साथ भगवान् श्रीसत्यनारायण का व्रत किया तथा इस प्रकार प्रार्थना की - 'भगवन! आप हमारे पति एवं जामाता के अपराध को क्षमा करें। वे दोनों अपने घर शीघ्र आ जायं।' इस व्रत से भगवान सत्यनारायण पुनः संतुष्ट हो गये तथा उन्होंने नृपश्रेष्ठ चन्द्रकेतु को स्वप्न दिखाया और स्वप्न में कहा - 'नृपश्रेष्ठ! प्रातः काल दोनों वणिकों को छोड़ दो और वह सारा धन भी दे दो, जो तुमने उनसे इस समय ले लिया है, अन्यथा राज्य, धन एवं पुत्रसहित तुम्हारा सर्वनाश कर दूंगा।' राजा से स्वप्न में ऐसा कहकर भगवान सत्यनारायण अन्तर्धान हो गये। इसके बाद प्रातः काल राजा ने अपने सभासदों के साथ सभा में बैठकर अपना स्वप्न लोगों को बताया और कहा - 'दोनों बंदी वणिकपुत्रों को शीघ्र ही मुक्त कर दो।' राजा की ऐसी बात सुनकर वे राजपुरुष दोनों महाजनों को बन्धनमुक्त करके राजा के सामने लाकर विनयपूर्वक बोले - महाराज!

*(क्रमशः)*

# युवा सपनों की उड़ान 'ग्राम ज्ञानालय'

*कल्पनाएं* जब सजती और संवरती हैं तो उम्मीदों को पंख लग जाते हैं। इरादे और हौसले मजबूत हो जाते हैं। मंजिल खुद-ब-खुद तय हो जाती है। पूर्वांचल के भदोही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ग्रामीण विकास की सोच जमीन पर उतरती दिखती है। भदोही कालीन का हब है। यहां कालीन तैयार होते हैं। देश के नये संसद भवन में भदोही की कालीन बिछाई गई हैं। पूर्वांचल में वैसे अच्छे खासे शैक्षिक संस्थान हैं। काशी हिंदू विश्वविद्यालय और संपूणानंद संस्कृत विश्वविद्यालय यहां की शैक्षणिक और सांस्कृतिक धरोहर हैं। लेकिन पूर्वांचल की 70 फीसदी आबादी कृषि अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। यहां पलायन अधिक है। आर्थिक विपन्नता की वजह से युवाओं के प्रतियोगी स्पर्धा के सपने अधूरे रह जाते हैं। लेकिन उन सपनों को पूरा करने के लिए भदोही जनपद से शुरू हुई एक नवाचार की पहल उत्तर प्रदेश और देश के लिए एक मिसाल बनती दिखती है। भदोही के युवा जिला कलेक्टर गौरांग राठी की एक अनूठी पहल पूरे उत्तर प्रदेश और देश की सोच बदल सकती है। भदोही को शहर-ए-कालीन भी कहा जाता है। दुनिया भर से यहां कालीन निर्यात होता है। हालांकि शैक्षिक विकास को लेकर यहां बहुत कुछ नहीं हुआ है। लेकिन गांवों में नवाचार के तहत 'ग्राम ज्ञानालय' की स्थापना कर युवाओं को नई दिशा देने की पहल शुरू की गई है। इस तरह ग्रामीण अंचलों में स्थापित किये जा रहे ग्राम ज्ञानालय में युवाओं के लिए अकादमिक स्तर की सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जनपद के 546 ग्राम पंचायतों में आधुनिक 'ग्राम ज्ञानालय' की स्थापना की तरफ बड़ी तेजी से कदम बढ़ रहे हैं। भदोही जनपद में तकरीबन 150 गांवों में इसकी शुरूआत हो चुकी है। शुरू में ही जॉब की तैयारी करने और पढ़ने वाले करीबन 4000 युवा और छात्र-छात्राएं इससे जुड़कर उच्च गुणवत्ता परक शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं। इसकी वजह से उनके शैक्षिक विकास का आधार बेहद मजबूत हो रहा है। पूरे देश में अपनी तरह का आधुनिक सोच को प्रदर्शित करने वाला यह 'ग्राम ज्ञानालय' युवाओं को तेजी से आकर्षित कर रहा है। योगी सरकार के जनप्रतिनिधि इसमें बढ़-चढ़ कर सहभागिता करते दिखते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विकास प्राथमिकता के कार्यक्रमों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पीपीटी के माध्यम से 'ग्राम ज्ञानालय' के विजन से शासन को अवगत कराया है। मुख्य सचिव नवाचार की इस अनूठी पहल से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट को केंद्र सरकार को भेजा जायेगा। इस तरह की सुविधा पूरे उत्तर प्रदेश और देश में उपलब्ध कराई जानी चाहिए। युवाओं में शैक्षणिक विकास और प्रतियोगी स्पर्धा पैदा करने के लिए यह नवाचार अपने तरह का अकल्पनीय है। युवाओं के सपनों को आयाम देने के लिए ग्राम पंचायतों में इस तरह के ज्ञानालय यानी वाचनालय की स्थापना की जा रही है। वाचनालय में भरपूर पुस्तक, फर्नीचर, सीसीटीवी, स्मार्ट टीवी और ऑनलाइन कक्षाओं की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा अभ्युदय योजना के तहत रिटायर्ड शिक्षक, प्रवक्ता और दूसरे विषय के विशेषज्ञ इन छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। संबंधित पंचायत या ग्राम सचिवालय भवन में ही एक खास कमरा बनाकर वहां संचालित किया जा रहा है। गांव के पंचायत प्रतिनिधि इसमें खासी भूमिका निभा रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में युवाओं में शिक्षा को लेकर अच्छी खासी ललक है। लेकिन अधिकांश परिवारों की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है। वैसे भी उत्तर प्रदेश सरकार दलित और पिछड़े छात्रों को लखनऊ में इस तरह की सुविधा उपलब्ध कराती है, लेकिन वहां सभी नहीं पहुंच पाते हैं।

**भदोही के युवा जिला कलेक्टर गौरांग राठी की एक अनूठी पहल पूरे उत्तर प्रदेश और देश की सोच बदल सकती है। भदोही को शहर-ए-कालीन भी कहा जाता है।**

धर्म-संस्कृति

फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

ज्ञान धन से उत्तम है क्योंकि धन की तुमको रक्षा करनी पड़ती है और... ज्ञान तुम्हारी रक्षा करता है....

# एससीओ में भारत की सशक्त व सार्थक भूमिका



ललित गर्ग

*शंघाई* सहयोग संगठन-एससीओ के सदस्य देश चाहे तो इस दुनिया का कायाकल्प कर सकते हैं। अहिंसक विश्व रचना, आतंकमुक्त संसार, आर्थिक उन्नति, आपसी व्यापार एवं समतामूलक दुनिया के सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदेशिक संकल्प को आकार दिया जा सकता है, लेकिन चीन एवं पाकिस्तान दो देशों के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है। पाकिस्तान पडौसी देश में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहा है तो चीन अपनी विस्तारवादी गतिविधियों, आर्थिक महत्वाकांक्षाओं, एक दूसरे देशों की सीमाओं के प्रति असम्मान लगातार कर रहा हैं। शायद इसी का असर है कि एससीओ की मंगलवार को हुई शिखर बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की उपस्थिति में कड़े एवं साहसिक शब्दों में कहा, 'आतंकवाद किसी रूप में हो, उसकी एससीओ मंच से एक स्वर में निंदा होनी चाहिए। इसमें दोहरे मापदंड का कोई स्थान नहीं है।' दुनिया में आतंकवाद, विस्तारवाद, अतिवाद और अलगाववाद की चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। इन चुनौतियों का समाधान पाकर ही दुनिया में शांति, अमन-चैन, संतुलित विकास एवं समता की स्थापना संभव है। इसके लिये एससीओ एक सक्षम मंच है, इसके सदस्य देशों में दुनिया की लगभग 40 प्रतिशत आबादी रहती है और दुनिया के कुल व्यापार का करीब 24 प्रतिशत इन्हीं देशों के बीच होता है। अगर संगठन के सदस्य देश आपस में सहयोग करें और संकल्पबद्ध हो तो यह समूह बहुत बड़ी आर्थिक ताकत बन सकता है। समस्या यह है कि चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों को छोड़ने को तैयार नहीं जबकि पाकिस्तान आतंकवाद की खेती करना बंद करने को तैयार नहीं। पाकिस्तान और चीन दोनों ही भारत को एक के बाद एक जख्म देने की कोशिशें करते रहते हैं। पूर्वी लद्दाख में सीमा पर गतिरोध चीन की ऐसी ही कोशिश है। भारत, रूस और चीन परस्पर सहयोग का त्रिकोण बन जाय तो कोई ताकत इस त्रिकोण के सामने नहीं टिकेगी। जब तक पाकिस्तान और चीन अपनी नीतियां नहीं छोड़ते तब तक एससीओ अपने वास्तविक उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर सकेगा। चीन एवं पाकिस्तान जैसे देशों ने एससीओ जैसे सार्थक मंच पर भी शतरंज की बिसात बिछा रखी है, यूं तो पूरा विश्व शतरंज बना हुआ है और सब अपने-अपने मोहरे और अपनी-अपनी चालें चल रहे हैं। विश्व की शतरंज में घोड़ा सीधा और हाथी टेढ़ा चलता है। हम मोहरों को दोष नहीं दें। मोहरे चलते नहीं चलाये जाते हैं। कुछ आतंकवादी एवं विस्तारवादी शक्तियां शांति एवं सहयोग के नाम से अपनी चालें चलती हैं। जो अपने घोड़े, ऊंट और हाथी बचाने के लिए प्यादे को आगे कर मर जाने देते हैं। लेकिन इन यूरेशियाई देशों में तीसरी महाशक्ति भारत है, जो उनकी कुचालों को सफल नहीं होने दे रहा है। एससीओ की ओर से जारी संयुक्त बयान में चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव यानी बीआरआइ के उल्लेख से भारत ने जिस तरह दूरी बनाई, उस पर आश्चर्य नहीं, बल्कि वह उसकी दूरगामी एवं समझपूर्ण सोच को दर्शाता है। चीन ने इस परियोजना में अरबों डॉलर लगाये हैं। वह दुनिया में नंबर वन बनने के लिए कमजोर देशों को ऋण मुहैया कराने में जुटा है। आज श्रीलंका, पाकिस्तान, म्यांमार सहित कई अफ्रीकी देश इस कथित सस्ते ऋण के चक्कर में कंगाली के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। भारत इस परियोजना का प्रारंभ से ही विरोध करता आ रहा है।

**पाकिस्तान और चीन दोनों ही भारत को एक के बाद एक जख्म देने की कोशिशें करते रहते हैं। पूर्वी लद्दाख में सीमा पर गतिरोध चीन की ऐसी ही कोशिश है।**

देश दुनिया

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

**NEWS इन ब्रीफ**

## आकाशीय बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में बुधवार को हुई बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर दस लोगों की मौत हो गई है। कई लोग झुलसे हैं। आकाशीय बिजली से मरने वालों की संख्या सबसे ज्यादा फतेहपुर में है। इसके बाद प्रयागराज और आसपास के जिलों को मिलाकर कुल तीन लोगों की मौत हुई है। हमीरपुर, सोनभद्र और मीरजापुर में एक-एक लोगों की मौत हुई है। फतेहपुर जिले में बुधवार की शाम बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह गांव में दो किशोरियों, ललौली थाना क्षेत्र के मडफा गांव में एक युवक और मलवां थाना क्षेत्र के उमर गहना गांव में एक किशोर की मौत हो गई। इसके साथ ही पूरे जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चार लोग झुलस गए। सभी का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिसमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है। इसी तरह प्रयागराज जनपद में जसरा के तातारगंज व हंडिया के अरांव गांव में दो लोगों की मौत हुई। जबकि कौशांबी में पिपरी के बूंदा गांव में बकरी चरा रहे 12 साल के बालक की मौत हो गई। इसी तरह सोनभद्र, हमीरपुर और मीरजापुर में आकाशीय बिजली गिरने से एक-एक लोगों की मौत हो गई है।

## आयुष्मान ग्राम सभा का आयोजन सात जुलाई को

**बीजापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरण का शुभांरभ 07 जुलाई को रायपुर में किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण नई दिल्ली के निदेर्शानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 05 आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जाएगा। 07 जुलाई को आयुष्मान ग्राम सभा का आयोजन होगा, जिसमें इकेवायसी, आयुष्मान कार्ड का वितरण, आयुष्मान कार्ड के संबंध में जन-जागरुकता एवं प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव स्क्रीनिंग होगी। उक्त कार्यक्रम में जिलास्तर पर विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा भी किया जाना है। जिसके तहत मतदाता सूची पुनरीक्षण वर्ष 2023 अंतर्गत मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधन करने तथा विलोपन की कार्रवाई पर प्रस्ताव अनुमोदन एवं विचार शामिल है।

## व्यवसायी से तीन लाख रंगदारी वसूलने के मामले में 4 गिरफ्तार

**बेतिया।** नरकटियागंज व मटियरिया के व्यवसायियों से 12 लाख की रंगदारी मांग तीन लाख रुपया वसूलने वाले गिरोह का उद्भेदन कर चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी ने गुरुवार को बताया कि अपराधियों में रामनगर के मठिया निवासी शेख साहेब, खजुरिया निवासी कृष्णा चौधरी व गोविंद चौधरी तथा चुड़िहरवा निवासी संदीप चौधरी शामिल हैं। इनके पास से रंगदारी मांगने में प्रयुक्त तीन मोबाइल, सीम व एक बाइक के साथ 43 हजार 500 रुपया बरामद किया गया है। अपराधियों की गिरफ्तारी उनके आवास से की गयी है। अपराधियों ने नरकटियागंज के शिवगंज के रेडिमेड कपड़ा व्यवसायी सोनासती निवासी शेख क्यामुद्दीन से तथा मटियरिया थाना के महुई निवासी दवा व्यवसायी संजय काजी से 12 लाख रुपया रंगदारी मांगने में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। मामला यह है कि रेडिमेड व्यवसायी से अपराधियों ने सात व नौ जुलाई को फोन कर 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। 12 जून तक पैसा नहीं मिलने पर 13 जून को हत्या करने की धमकी दी गयी। इसी बीच 27 से एक जुलाई तक मटियरिया के महुई निवासी संजय काजी से 12 लाख की रंगदारी अपराधियों ने मांगी। दोनों मामलों में एक ही मोबाइल नंबर से रंगदारी मांगी गयी थी।

### सीएम योगी ने पुलिस विभाग के अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र, कहा

# नियुक्ति में भ्रष्टाचार खत्म हुआ

**एजेंसी। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पुलिस विभाग के चयनित 1148 अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र दिये। लोकभवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से अपने हाथों 35 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया है। बाकी अभ्यर्थियों को जिलों में नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से चयनित 1148 अभ्यर्थियों में से 217 उपनिरीक्षक(गोपनीय), 587 सहायक उपनिरीक्षक(लिपिक) एवं 344 सहायक उपनिरीक्षक(लेखा) शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरे लिए यह अत्यंत प्रसन्नता का क्षण है कि पुलिस फोर्स हर दृष्टि से मजबूत हो रही है। नवचयनित अभ्यर्थियों को और उनके परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। खुशी बात है कि लिपिकिय संवर्ग में महिलाओं की भी अच्छी संख्या है। योगी ने कहा कि पिछले नौ वर्ष में वैश्विक मंच पर भारत का जिस प्रकार से



सम्मान बढ़ा है, वैसे ही छह वर्षों में उप्र की स्थिति में बदलाव हुआ है। उप्र को लोग समस्या के रूप में देखने लगे थे। देश की आबादी का पांचवां हिस्सा उप्र को आगे बढ़ाने की चुनौतियां हम सबके सामने थीं। शौचालय निर्माण से लेकर अन्य परियोजनाओं में देरी को लेकर सपा की पूर्ववर्ती सरकार पर हमला बोले और अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

उन्होंने कहा कि आज उप्र की स्थिति है कि केन्द्र की ज्यादातर योजनाओं में नंबर एक है। हम लोगों ने तय किया कि आवागमन के लिए सड़कें होनी चाहिए। पहले किसी भी समुदाय के पर्व त्योहार आते थे तो भय का माहौल रहता था। आज हंसी खुशी के साथ पर्व मनाए जा रहे हैं। पश्चिम उप्र में लोग बेटियों को स्कूल, कॉलेज भेजने से डरते थे। कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए पुलिस बल में भर्ती ही नहीं की गयी बल्कि तकनीकी रूप से भी मजबूत किया गया। पिछले 70 वर्षों में उप्र पुलिस में महिलाओं को जितना स्थान नहीं मिला, उससे कई गुना ज्यादा पिछले छह वर्षों में भर्तियां की गयीं।

भर्तियों में कोई भाई भतीजावाद का आरोप नहीं लगा सकता। आरक्षण की प्रक्रिया ठीक से अपनाई गयी है। इस भर्ती में भी कोई बलिया से है तो कोई बिजनौर से, कोई लखीमपुर से, मतलब उप्र के हर जनपद के युवाओं को बराबर का मौका मिल रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज उप्र की कानून व्यवस्था चर्चा का विषय है। देश के किसी भी राज्य में उप्र की कानून व्यवस्था सबसे बेहतर है। भ्रष्टाचार मुक्त भर्ती हो रही है। मैं दावा कर सकता हूं कि योगी के नेतृत्व में उप्र में एक भी नियुक्ति प्रक्रिया पर कोई भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा सकता। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने भी प्रदेश की कानून व्यवस्था की सराहना की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, पुलिय महानिदेशक विजय कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद मौजूद रहे, एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में घायल तीन अपराधी समेत चार गिरफ्तार

**कुशीनगर।** कुशीनगर पुलिस व इनाम घोषित शातिर अपराधियों के बीच हुई एक मुठभेड़ में चार अपराधी गिरफ्तार कर लिए गए। तीन अपराधियों को पुलिस की गोली लगी है। एक अपराधी पर 50 हजार तथा दो पर 25-25 हजार का इनाम घोषित है। अपराधियों के पास से एक पिस्टल, तीन कट्टा, 40 हजार नगद, 61 एटीएम कार्ड, चार मोबाइल फोन व दो बाइक बरामद की गई है। अपराधियों के ऊपर विभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस को लंबे समय से इन अपराधियों की तलाश थी।

गुरुवार दोपहर मुठभेड़ की घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि मुठभेड़ की यह घटना पटहेरवा थाना क्षेत्र के महुआकट के पास गुरुवार की भोर में हुई। उन्होंने अपराधी बड़ी वारदात को अंजाम दिए जाने की फिराक में थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जाल बिछाया था। अपराधियों ने पुलिस को देखते ही फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में दो अपराधी घायल हो गए।

# सरकार हिंसा रोकने में पूरी तरह विफल : घोष



**एजेंसी। जलपाईगुड़ी**

सत्ताधारी दल हिंसा के माध्यम से पंचायत चुनाव जीतना चाहती है। पंचायत चुनाव के प्रचार पर जिले के राजगंज ब्लॉक के बेलाकोबा पहुंचे भाजपा के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने यह बात कही। दिलीप घोष पंचायत चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन गुरुवार को बेलाकोबा पहुंचे है। जहां राजगंज प्रखंड के बेलाकोबा के विवेकानंद मोड़ से बेलाकोबा के चौरंगी मोड़ तक करीब पांच किलोमीटर की रैली में वे शामिल हुए। रैली में जलपाईगुड़ी के सांसद जयंत कुमार राय, जलपाईगुड़ी जिलाध्यक्ष बापी गोस्वामी, जलपाईगुड़ी युवा मोर्चा के अध्यक्ष पॉलेन घोष और विभिन्न अंचलों के पंचायत उम्मीदवार सहित नेता उपस्थित थे। रैली के माध्यम से दिलीप घोष ने राजगंज के विभिन्न अंचलों के पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के उम्मीदवारों के समर्थन में जनता का आशीर्वाद मांगा।वहीं, पत्रकारों से बात करते हुए दिलीप घोष ने कहा कि बीती रात जलपाईगुड़ी जिलाध्यक्ष बापी गोस्वामी की गाड़ी पर फायरिंग की गई है। घटना की उचित जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में लगभग हर जगह अशांति है। भाजपा नेताओं समेत कई लोग मारे गए हैं। राज्य सरकार अशांति रोकने के लिए पहल नहीं कर रही है। लोगों में डर पैदा किया जा रहा है, ताकि वे वोट न दें। डर का माहौल पैदा कर सत्ताधारी दल तृणमूल पंचायत चुनाव जीतना चाहती है।

# रुजिरा बनर्जी ने विदेश यात्रा के लिए सुप्रीम कोर्ट में डाली याचिका

**एजेंसी। कोलकाता**

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा नरूला बनर्जी ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर जानबूझकर और अनावश्यक रूप से उनकी विदेश यात्रा में बाधा पैदा करने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सूत्रों ने बताया कि यह मामला अगले सप्ताह शीर्ष अदालत में सुनवाई के लिए आ सकता है। याचिका में उन्होंने कहा है कि पश्चिम बंगाल में कोयला मामले की जांच पिछले कुछ समय से चल रही है। लेकिन ईडी ने पहले कभी भी उनकी विदेश यात्रा पर आपत्ति नहीं जताई। लेकिन 5 जून को उन्हें दुबई जाने वाली उड़ान में चढ़ने से पहले कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय



हवाई अड्डे पर रोक दिया गया।

आव्रजन विभाग द्वारा उन्हें सूचित किया गया कि ईडी ने उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है, इसलिए उनको रोका गया है। उसी दिन, उन्हें पश्चिम बंगाल में कोयला मामले के संबंध में पूछताछ के लिए केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय में उपस्थित होने के लिए ईडी द्वारा नोटिस दिया गया। आखिरकार, 8 जून को वह कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में ईडी के साल्ट लेक दफ्तर में उपस्थित हुईं और लगभग चार घंटे तक पूछताछ का सामना किया। उसी समय तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें हवाई अड्डे पर रोके जाने की घटना को केंद्र सरकार और भाजपा की ओर से राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित कार्रवाई बताया था। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस घटनाक्रम को ईडी की ओर से अमानवीय कृत्य बताते हुए कहा कि वह अपनी बीमार मां से मिलने के लिए विदेश जा रही थीं। सुप्रीम कोर्ट ने उनके विदेशी दौरों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है। शीर्ष अदालत ने उनसे देश से बाहर जाने से पहले केवल एक बार ईडी को सूचित करने को कहा था। और उन्होंने ईडी को दौरे के बारे में पहले ही जानकारी दे दी थी।

# गरीबों का सम्मान और उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएम शिवराज

**एजेंसी। भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को सीधी के पीड़ित व्यक्ति दशमत रावत से मुख्यमंत्री निवास में भेंट की। मुख्यमंत्री ने दशमत के चरण पखार और तिलक कर शॉल-श्रीफल और श्री गणेश प्रतिमा भेंट की। उन्होंने घटना पर दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री चौहान ने दशमत के साथ स्वल्पाहार किया और परिवार की कुशल-क्षेम पूछी। उन्होंने दशमत से कहा कि कि आप मेरे साथी और भाई हो, मन दुखी है, यह आपकी पीड़ा बांटने का प्रयास है, आपसे माफी भी मांगता हूं, परिवार की जो भी जरूरत होगी उन्हें पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने दशमत की पत्नी आशा रावत से भी फोन पर बातचीत की। मुख्यमंत्री चौहान ने मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत में



कहा कि जनता ही मेरी भगवान है और जनता की सेवा भगवान की पूजा है। हम यह मानते हैं कि हर इंसान में भगवान निवास करते हैं, दरिद्र ही नारायण है। दशमत के साथ हुए अन्याय से मेरा मन, दर्द और पीड़ा से भरा है। मन की व्यथा और पीड़ा को कम करने के लिए ही मैंने दशमत को निवास बुलाकर उनके पैर धोए और पानी माथे से लगाया, जिससे मेरी व्यथा और दर्द कम हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो अन्याय करता है, उसका कोई धर्म-जाति-पार्टी नहीं होती। जिसने अन्याय किया है, उसको कड़ी सजा मिली। जिसके साथ अन्याय हुआ है, उसे दिल से लगाकर उसकी पीड़ा कम करने की हरसंभव कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम सब एक ही चेतना से बने हैं, ईश्वर ने हम सबको बनाया है। हम सब, अपने गरीब भाई-बहनों के प्रति मानवीयता, करुणा, प्रेम, दया और संवेदना से भरे रहें। गरीब का भी आत्म-सम्मान होता है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि सबको सम्मान और सुरक्षा मिले।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि दशमत के पैर धोना, गरीबों के प्रति मेरी संवेदना और उनके प्रति सेवाभाव का संकेत है। गरीब की इज्जत हमारे लिए सबसे बड़ी है। जनता, शासन, प्रशासन को यह भी स्पष्ट संदेश है कि गरीबों के साथ यदि कोई गड़बड़ करेगा तो उसे कठोरतम सजा मिलेगी। गरीबों का सम्मान और उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# भूपेश बघेल सरकार ने कर्मचारियों का 5 प्रतिशत डीए बढ़ाने का किया ऐलान

**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को बड़ी सौगात देते हुए महंगाई भत्ते (डीए) में पांच प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया है। इससे राज्य सरकार को प्रति वर्ष एक हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। । मुख्यमंत्री निवास में गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में शासकीय कर्मचारियों को एक और सौगात देते हुए राज्य सरकार द्वारा पूर्ण पेंशन की पात्रता अवधि को 33 वर्ष से घटाकर 30 वर्ष कर दिया है, साथ ही स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति हेतु अर्हतादायी सेवा की अवधि को 20




वर्ष से घटाकर 17 वर्ष कर दिया गया है। बैठक में बस्तर और सरगुजा संभाग में शिक्षकों के रिक्त 3722 एवं सहायक शिक्षकों के 5577 पद भरने के लिए भर्ती नियम को शिथिल करते हुए स्वीकृत सेटअप में विषयवार पदों की भर्ती की बाध्यता को हटाए जाने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट में राज्य शासन द्वारा आम लोगों को सस्ते दरों पर आवास उपलब्ध कराने बाजार मूल्य गाइडलाइन दरों को 30 प्रतिशत घटाया गया है। जिसकी प्रभावशीलता 31 मार्च 2021 तक थी। इस छूट को 31 मार्च 2024 तक बढ़ाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री की बेमेतरा जिले की ग्राम पंचायत सबलपुर, महासमुंद जिले की ग्राम पंचायत भंवरपुर तथा राजनांदगांव जिले की ग्राम पंचायत लाल बहादुर नगर को नगर पंचायत बनाए जाने की घोषणा के परिपालन में आबादी के निर्धारित मापदण्ड में छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

इसी तरह छत्तीसगढ़ राज्य में महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी आर्थिक स्थिति में उन्नयन हेतु औद्योगिक नीति 2019-24 में संशोधन करते हुए इसमें महिला उमिता नीति 2023 को समावेशित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि का आवंटन, अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन तथा गैर रियायती एवं रियायती स्थायी पट्टों को भूमिस्वामी अधिकार में परिवर्तित करते समय देय राशि के आधार पर स्टाम्प शुल्क, पंजीयन शुल्क तथा नगरीय निकाय शुल्क में छूट देने का निर्णय लिया गया।

# सायोनी के दिए दस्तावेजों से संतुष्ट नहीं ईडी, आय से अधिक है संपत्ति

**एजेंसी। कोलकाता**

अभिनेत्री और युवा तृणमूल अध्यक्ष सायोनी घोष ने ईडी के दूसरे समन पर बुधवार को सीजीओ कॉम्प्लेक्स गए बिना एक वकील के माध्यम से "आवश्यक" दस्तावेज भेजे है। उन्होंने कहा कि मतदान की व्यस्तता के कारण वह व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सकीं। एक बार मतदान प्रक्रिया (यानी, मतदान से परिणाम घोषित होने तक) समाप्त होने के बाद, वह किसी भी दिन ईडी कार्यालय जाने को तैयार हैं। लेकिन ईडी के एक सूत्र के मुताबिक, सायोनी के वकील ने बुधवार को सीजीओ



को जो दस्तावेज सौंपे हैं, उनसे केंद्रीय जांच एजेंसी संतुष्ट नहीं है। वे फिलहाल जांच कर रहे हैं कि सायोनी की आय और खर्च एक समान हैं या नहीं। उनके पास गोल्फग्रीन इलाके में दो फ्लैट हैं। एक उनकी मां के नाम पर और दूसरा उनके अपने नाम पर। ईडी सूत्रों के मुताबिक, एक फ्लैट की कीमत करीब 80 लाख रुपये है। फ्लैट खरीदने के लिए सायोनी ने 20 लाख रुपये नकद दिए। बाकी 60 लाख रुपये के लिए एक निजी बैंक से लोन लिया गया। उस फ्लैट से संबंधित दस्तावेज ईडी को मिले हैं। इसके अलावा सायोनी द्वारा इस्तेमाल की गई कार भी ईडी की निगरानी में है।

केंद्रीय एजेंसी के सूत्रों ने बताया है कि राज्य के अन्य हिस्सों में भी उसकी संपत्तियां हैं जिसमें से जमीन, फ्लैट और अन्य चल अचल संपत्तियां मौजूद हैं।

**समृद्धि** | फूलों के अवशेष से अगरबत्ती बना आधी आबादी बनी स्वावलंबी

# शक्तिधाम से मिली आर्थिक शक्ति, खुले समृद्धि के द्वार

**एजेंसी। मीरजापुर**

अक्सर देखा जाता है कि मंदिरों में चढ़ने वाले फूलों को गंगा नदी या कूड़े में फेंक दिया जाता है। इससे वायु प्रदूषण के साथ जल प्रदूषण भी फैलता है, लेकिन विंध्य क्षेत्र की महिलाओं ने नायाब तरीका ढूंढ निकाला है। ये महिलाएं फूलों के अवशेष से अगरबत्ती बना न सिर्फ घर-आंगन में खुशबू बिखेर रही हैं, बल्कि आर्थिक रूप से समृद्ध भी हो रही हैं। आधी आबादी का यह नायाब तरीका प्रदूषण रोकने में भी सहायक है। वैसे तो जगविख्यात मां विंध्यवासिनी धाम से ही अकेले नवरात्र के दौरान हजारों क्विंटल पवित्र फूल के अवशेष निकलते हैं। महिलाएं विंध्यवासिनी मंदिर के साथ आसपास के मंदिरों में चढ़ाए



जाने वाले फूलों का सदुपयोग करने का प्रयास कर रही हैं। विंध्य क्षेत्र के मंदिरों से निकलने वाले फूलों से अगरबत्ती बना महिलाएं स्वावलंबी बन रही हैं। इसके लिए विंध्याचल स्थित प्रबोधिनी शक्ति धाम में लगभग डेढ़ लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक मशीन लगाई गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि महिलाएं क्षेत्र के मंदिरों में चढ़ने वाले फूलों को एकत्र करती हैं। इसके बाद फूलों को सूखाकर अगरबत्ती व धूपबत्ती तैयार करती हैं। प्रबोधिनी शक्ति धाम में कुल 90 महिलाएं जुड़ी हैं, जो 30 से 50 किलोग्राम अगरबत्ती प्रतिदिन बनाती हैं। प्रति महिला एक घंटे में एक से दो किग्रा अगरबत्ती बनाती हैं। महिलाओं को प्रति किग्रा 30 रुपये दिया जाता है। महिला प्रबोधिनी फाउंडेशन की अध्यक्ष नंदिनी मिश्रा और विभूति मिश्रा की प्रेरणा व नाबार्ड के सहयोग से फूलों को सूखाकर जय महाशक्ति धूपबत्ती और अगरबत्ती का निर्माण कर रही हैं। साथ ही नीम के पत्ते एवं अन्य औषधीय पत्ते का प्रयोग कर मच्छर भगाने वाली टिकिया का भी निर्माण कर रही हैं। मंजू, शिव दुलारी, शांति, श्याम कुमारी, नसरीन, शकीना आदि महिलाएं अगरबत्ती तैयार करती हैं।

**प्रतिदिन बनाती हैं पांच किग्रा अगरबत्ती:** महिला प्रबोधिनी फाउंडेशन की अध्यक्ष नंदिनी ने बताया कि महिलाएं विंध्याचल धाम, लाल भैरव मंदिर, दूधनाथ मंदिर सहित क्षेत्र के समीपस्थ मंदिरों से फूलों को एकत्र करती हैं। इसके बाद इन फूलों को सूखाकर पाउडर बनाया जाता है, फिर इसमें जिगत पाउडर व गोंद मिलाती हैं। एक दिन में एक महिलाएं अमूमन पांच किग्रा अगरबत्ती तैयार करती हैं।

**मात्र 60 रुपये में 500 पीस अगरबत्ती:** फूलों से अगरबत्ती तैयार करने के बाद स्थानीय बाजार में लगभग 55 से 60 रुपये प्रति किग्रा की दर से बिक्री की जाती है। एक किग्रा में लगभग 500 पीस अगरबत्ती होती है।

## तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चरखारी के पास गुरुवार को एक तेज रफ्तार बोलेरो ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। ब्यौहारी पुलिस के अनुसार, हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फिलहाल मामले की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, फिलहाल युवकों का नाम पता नहीं चल पाया है। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई थी, लेकिन लोग उनकी पहचान नहीं पा रहे थे।

# एफआईएच प्रो लीग : भारतीय पुरुष टीम चौथे स्थान पर रही

**एजेंसी। एंटवर्प**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-23 में चौथे स्थान पर रही, जो बुधवार रात यहां समाप्त हुई, जिसमें स्पेन ने अंतिम लीग मुकाबले में विश्व चैंपियन जर्मनी की युवा टीम को हराया। स्पेन, जिसने अपने पहले मुकाबले में जर्मनी को हराया था, 16 मैचों में 27 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहा, भारत से तीन अंक पीछे, जिसने कुछ सप्ताह पहले आइंडहोवन में अपना शिविर समाप्त किया था। बुधवार को, स्पेन को महत्वाकांक्षी युवा जर्मन टीम को 4-3 से हराने के लिए तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करनी पड़ी। इसके साथ ही 9-टीमों के एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन का समापन हो गया। यह भारत के लिए दो हिस्सों का सीजन था, जिसने कुछ हफ्ते पहले तक लीग तालिका का नेतृत्व किया था,



